हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



**भारत मास्टर्स और वेस्टइंडीज मास्टर्स के बीच खेला गया पहला मुकाबला**

**रायपुर।** शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का 12वां मैच भारत मास्टर्स और वेस्टइंडीज मास्टर्स के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और ब्रायन लारा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक स्टेडियम पहुंचे। इंडिया मास्टर्स के कप्तान सचिन तेंदुलकर ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से खिलाड़ियों का परिचय कराया। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उन्हें बधाई दी।

महादेव, अन्ना रेडी शुभ लाभ, क्रिकबेट 99 जैसी वेबसाइट्स पर सट्टा खेला जा रहा

इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के नाम पर देशभर में चल रहा सट्टे का बड़ा खेल

# रायपुर में मैच शुरू होने से पहले ही सट्टा, टॉस पर ही लगा दोगुना दांव, हर चौके और छक्के पर लगे भाव

**ललित राठोड़/रायपुर ।** राजधानी के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग का पहला मैच हुआ। महादेव सट्टा एप के लिए चर्चित छत्तीसगढ़ मास्टर्स लीग में भी अछूता नहीं रह पाया। हरिभूमि की पड़ताल में दर्जनभर एप मास्टर्स लीग में सट्टा खिलाते पाए गए। शाम सात बजे टॉस होने से पहले ही दांव लगने शुरू हो गए। इंडिया मास्टर्स बेटिंग करेंगे या वेस्टइंडीज, पर हजार रुपए लगाने पर दो हजार दिया जा रहा था। मैच शुरू ▶▶| शेष पेज 8 पर

हरिभूमि खास



### हर मिनट बदलता रहा सट्टे का रेट

हरिभूमि संवाददाता ने भी लीग मैच पर सट्टा लगाकर पड़ताल की। मैच शुरू होने से पहले भारत का भाव 1.38 था, जबकि वेस्टइंडीज का भाव 3.55 था, जो शुरू होने बाद बढ़ता गया। पहले पांच ओवर में वेस्टइंडीज पर 100 रुपये लगाने पर लगभग 150 से 170 तक ▶▶| शेष पेज 8 पर

### वेबसाइट में सट्टेबाजों ने लगाया भाव

*मास्टर्स लीग मैचों के सट्टेबाजी का कारोबार अब ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। महादेव, अन्ना रेडी शुभ लाभ, क्रिकबेट 99 जैसी वेबसाइट्स पर सट्टा खेला जा रहा है, जो सट्टेबाजों के बीच प्रमुख रूप से लोकप्रिय हैं। ये वेबसाइट्स कुछ देश में और कुछ विदेशी सट्टेबाजों द्वारा संचालित होती हैं। सट्टेबाजों का एक बड़ा वर्ग इन वेबसाइट्स पर पैसे लगाते है और मैच शुरू होने से पहले ही वेबसाइट्स पर भाव दिखाई देने लगते हैं।*

### रायपुर में 16 मार्च तक मास्टर्स लीग के मैच

*मास्टर्स लीग के आगामी मैचों को लेकर शहर में सट्टेबाज सक्रिय हो गए हैं। 16 मार्च तक होने वाले इस लीग के कुल 6 मैच होंगे, जिनमें सेमीफाइनल और फाइनल भी इसी दौरान खेले जाएंगे। इस आयोजन को लेकर ऑनलाइन और शहर* ▶▶| शेष पेज 8 पर

पीड़ितों के गांव पहुंची टीम **हरिभूमि** वहां के हालात बयां कर रहे हैं उनकी मजबूरी और बेबसी



### दोनों के पिता की मौत, परिवार कबाड़ी

*दोनों नाबालिग के पिता की मौत हो गई है, पूरा परिवार कबाड़ी का काम कर भरण पोषण करता है। काफी गरीब तबके का दोनों का परिवार है। बिहार पुलिस की खबर जैसे ही न्यूज पर आने लगी थनौद की बेटियों की खबर परिजन खासे परेशान हो रहे थे। लेकिन जब अंजोरा पुलिस परिवार के घर जानकारी लेने गईं। तब परिवार ने राहत की सांस ली।*

*बिहार के रोहतास में थाना नटवार। बचपन बचाओ समिति एक संगठन ने पुलिस को खबर दी कि बड़ी संख्या में नाबालिगों से डांस और देह व्यापार जैसे कार्य कराए जा रहे हैं। पुलिस ने छापेमारी की, 45 लड़कियों को रेस्क्यू किया गया। प्रारंभिक जांच में इनमें से 41 नाबालिक छत्तीसगढ़ की निकलीं। इनमें सबसे ज्यादा राजनांदगांव और उसके आसपास के इलाकों की थीं।*

थनौद की दो नाबालिग मिलीं बिहार से अंजोरा पुलिस टीम लाने पहुंची बिहार

बेमेतरा के मारो में पहुंची टीम हरिभूमि, घर में ताला बंद, परिजन हुए गायब

रायपुर जिले की दो किशोरी बिलासपुर और भिलाई की भी नाबालिग पकड़ी गईं

**बिहार में पकड़ी गई 41 नाबालिग छत्तीसगढ़ के 14 जिलों की**

# किसी ने कहा आर्केस्ट्रा में डांस करने भेजी कोई बोला मजबूरी थी, क्या करते

भिलाई से जे.एम. तांडी/बेमेतरा से अमीन पप्पू रवानी/जांजगीर-चांपा की रिपोर्ट

हरिभूमि को जो लिस्ट मिली उसके आधार पर उनके गांव तलाश किए। बेमेतरा के मारो, भिलाई के थनौद और जांजगीर में उन नाबालिगों के गांव तलाश किए जहां से वे गईं या ले जाई गईं। सभी जगह एक बात सामान्य थी, उनकी मजबूरी। थनौद की एक नाबालिग के पिता की मौत हो चुकी है। पूरा परिवार कबाड़ी का काम करता है। काम की तलाश में नाबालिगों को भेज दिया गया।

रोहतास पुलिस के अनुसार 41 लड़कियां छत्तीसगढ़ सहित दूसरे राज्यों की रहने वाली हैं। इन्हें शादी समारोह में नाचने के लिए लाया गया था। एसपी रोशन कुमार ▶▶| शेष पेज 8 पर

हरिभूमि खास



### टीम रवाना हो गई है

*बिहार दोनों को लाने के लिए पुलिस टीम को भेजा गया है। उनके आने के बाद ही पूछताछ किया जाएगा। सारी जानकारी उनके आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी। परिजनों से पुलिस संपर्क कर जानकारी लिया है। दोनों सुरक्षित है।*

*जितेन्द्र शुक्ला, एसपी दुर्ग*

### मारो में हरिभूमि से ग्रामीणों ने कहा-बिहार आना-जाना लगा रहता है

बेमेतरा जिले के मारो नगर पंचायत क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की की बरामदगी बिहार में की गई है। हरिभूमि टीम मारो में बालिका के घर पहुंची, पता चला कि उसके माता-पिता बिहार बालिका को लाने गए हुए हैं। मारो थाना के प्रभारी एसआई जितेंद्र कश्यप ने करते हुए बताया कि लड़की के माता पिता को वहां की पुलिस ने जांच और जानकारी लेने बुलाया है। यहां भी उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में तहकीकात की जा रही है। आसपास के लोगों ने कहा कि परिवार के लोग बिहार आते जाते रहते हैं। उन्हें यह बताया गया है कि वे कलाकारी करने और नाचने ▶▶| शेष पेज 8 पर

### दीदी-जीजा के यहां बच्चा संभालने गई थी

पुष्पांजली (बदला नाम) के परिजनों ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व के बाद बिहार में रहने वाले उसके दीदी जीजा के घर गई हुई थी। उसकी दीदी पहले बिहार में आर्केस्ट्रा में जाया करती थी। वहां लड़का पसंद आ गया और वहीं शादी कर ली। दीदी जीजा के बच्चे का जन्म के बाद उसे संभालने पुष्पांजलि वहां गई थी। पुष्पांजलि बिहार जाने के बाद परिवार से मोबाइल पर संपर्क पर रहती थी लेकिन जब से यह खबर मिली है उसके बाद से ज्यादा ▶▶| शेष पेज 8 पर

### इन जिलों की हैं नाबालिग

- रेंगाकठेरा, डोंगरगढ़ 1
- डोंगरगढ़ 1
- राजनांदगांव 1
- सरगिट्टी सिनपहरी 1
- जांजगीर 3
- मारो 1
- थनौद दुर्ग 2
- दामाखेत, मुंगेली 1
- सरगांव, मुंगेली 2
- पाली, कोरबा 1
- लोरमी, मुंगेली 1
- अर्जुनी, बलौदा बिलासपुर 1
- भाठापारा, बलौदाबाजार 2
- राजाडीह, बलौदाबाजार 2
- रायपुर, 2
- रानीतरई 1

तीन लड़के भी मिले हैं, जिसमें एक चिचोला, एक दुर्ग और एक सोमनी का है।

खुलासे के बाद कहा नष्ट की, बैठी तगड़ी जांच

# छग से वापस गई 13 करोड़ की 50 ट्रक एक्सपायरी बीयर, एमपी में बेच दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/भोपाल

छह महीने पहले छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश वापस भेजी गई 13 करोड़ 22 लाख की एक्सपायरी डेट की बीयर को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। विभाग के अफसरों ने मिलीभगत कर इसे मध्यप्रदेश की शराब दुकानों से बिकवा दिया, मदिरा प्रेमी रायसेन स्थित सोम कंपनी में बनाई गई हंटर कंपनी की एक्सपायरी डेट की गटक गए। मामले का खुलासा होने के बाद रायसेन के जिला आबकारी अधिकारी ने 21 जनवरी 2025 को उक्त बीयर को नष्ट करने की जानकारी दे दी। आयुक्त आबकारी अभिजीत अग्रवाल का कहना है कि बिना अनुमति के छग से बीयर वापस लाने पर जिला प्रभारी अधिकारी को नोटिस दिया गया था। इस मामले की जांच की जा रही है।

मध्यप्रदेश से सोम कंपनी की हंटर बीयर 50 ट्रक में भरकर छत्तीसगढ़ भेजी गई थी। जिसमें 55 हजार 90 पेटी बीयर एक्सपायर होने से इसे सितंबर 2024 में मप्र वापस भेज दिया गया। जबकि छत्तीसगढ़ से मप्र बीयर लाने के लिए आबकारी आयुक्त की परमिशन भी नहीं ली गई। इसके साथ प्रदेश की शराब दुकानों से ▶▶| शेष पेज 8 पर

खास खबर

आबकारी विभाग ने 4 करोड़ 20 लाख की बीयर को नष्ट करना बताया

आयुक्त आबकारी ने रायसेन के प्रभारी अधिकारी को दिया नोटिस



### वापसी का प्रावधान नहीं

आबकारी एक्ट में निर्यात बीयर वापस लाने का कोई प्रावधान नहीं है। मप्र से निर्यात की गई बीयर सोम डिस्टलरी में किसकी परमिशन से ली गई, या तस्करी करके लाई गई, भाड़ा किसने दिया, वाहन कौन से थे, बिना अनुमति बड़ी संख्या में बीयर डिस्टलरी के अंदर प्रवेश कैसे करवा दी गई। इस सवालों के गोलमाल जवाब दिए जा रहे हैं। सोम कंपनी के मालिक जगदीश अरोरा से मोबाइल पर काल कर बात करने पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

### बीयर नष्ट करने में गोलमाल

रायसेन के प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी ने बीयर वापस आने के चार महीने बाद 21 जनवरी 2025 को अचानक से इस बीयर को नष्ट करने की प्रेस रिलीज जारी कर दी। मामले की जानकारी जब आबकारी आयुक्त को लगी तो उन्होंने रायसेन के प्रभारी जिला आबकारी ▶▶| शेष पेज 8 पर

### जांच की जा रही है

आयुक्त आबकारी अभिजीत अग्रवाल का कहना है कि बिना अनुमति के छत्तीसगढ़ से बीयर वापस लाने पर जिला प्रभारी अधिकारी को नोटिस दिया गया था। इस मामले की जांच की जा रही है।

### ऐसे पकड़ में आई गड़बड़ी

आबकारी विभाग ने नष्टीकरण की गई बियर की कीमत चार करोड़ 20 लाख रुपए बताई। जबकि इसकी कीमत 13 करोड़ 22 लाख रुपए से अधिक है। सोम की हंटर ब्रांड बियर की बाजार कीमत 220 रुपए प्रति बोतल के करीब है। यदि औसत एक बोतल की कीमत 200 रुपए भी मान ली जाए तो एक पेटी में 12 बियर की बॉटल होती हैं, जिससे इसकी कीमत 24 सौ रुपए हो गई। इस तरह 55 हजार 90 पेटी की कीमत 13 करोड़ 22 लाख रुपए से अधिक होती है। विभाग ने जानबूझकर नष्टीकरण की गई बियर की कीमत को आधे से भी कम दिखाया है।







कवर्धा में भीषण हादसा

### पिकअप पलटी, दो की मौत, 30 घायल

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के कवर्धा थाना क्षेत्र में शनिवार को सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। 30 से अधिक लोग घायल हो गए जिनमें कई हालत गंभीर बताई जा रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को जिले सिंघनपुरी थाना क्षेत्र के ग्राम सिंघनपुरी से करीब 50 की संख्या में महिला, पुरुष, युवा तथा बच्चे एक पिकअप वाहन में सवार होकर चौथिया लेने सहसपुर लोहारा जा रहे थे। बताया जाता है कि इसी दौरान ग्रामीणों से खचाखच भरी पिकअप वाहन, चालक की लापरवाही तथा तेज रफ्तार के चलते पलानीपाट नामक स्थान में अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद मौके पर चींख पुकार मच गई। ▶▶| शेष पेज 8 पर





# सामूहिक कन्या विवाह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने 353 नवविवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद

जशपुरनगर। जिले के कुनकुरी विकासखण्ड के सलियाटोली स्थित मिनी स्टेडियम में शनिवार को स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव की स्मृति में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान की स्तुति कर वैदिक रीति रिवाज से विवाह मंडप की अर्चना कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने जोड़े को उपहार देते हुए आशीर्वाद भी दिया। उन्होंने सभी जोड़ों के पास जाकर उनपर पुष्प वर्षा कर अपना आशीष दिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने नवविवाहित जोड़ों को उनके दाम्पत्य जीवन को सफल बनाने के लिए आशीर्वाद स्वरूप मंगल संदेश का वाचन किया। स्वर्गीय कुमार दिलीप सिंह जूदेव को नमन करते हुए कहा कि हम सभी के लिए आज बहुत ही हर्ष का विषय है कि हमारे 353 बेटियों का विवाह सभी नक्षत्रों आम पंचतत्वों को साक्षी बना कर संपन्न कराया जा रहा है। आप सभी का दाम्पत्य जीवन प्रेम और विश्वास के आधार पर सदैव सुखी रहे। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी माताओं एवं बहनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में पौराणिक युग से लेकर हमेशा से महिलाओं को सर्वोच्च पद दिया गया है।




राज्य में वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार को रायपुर जिला न्यायालय में किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधिपति न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति ने मोहल्ला लोक अदालत के लिए मोबाइल वेन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

# चीफ जस्टिस ने रायपुर में नेशनल लोक अदालत का किया शुभारंभ

बिलासपुर। मुख्य न्यायाधिपति ने सभी को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत व अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने महिलाओं को उनकी सहभागिता, सहयोग, योगदान की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ राज्य में उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर न्यायालयों के साथ -साथ राजस्व न्यायालयों में शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में शाम पांच बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 34 लाख से अधिक प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 1300 करोड़ रूपए से अधिक का अवार्ड पारित किया गया।

### अन्य जिलों का वर्चुअल निरीक्षण

चीफ जस्टिस ने अम्बिकापुर, धमतरी, बिलासपुर, कांकेर, बालोद, बलौदाबाजार, बेमेतरा, दुर्ग, दन्तेवाड़ा, जांजगीर-चांपा के प्रधान जिला न्यायाधीशों से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर नेशनल लोक अदालत का निरीक्षण किया। उन्होंने उच्च न्यायालय बिलासपुर में नेशनल लोक अदालत के संबंध में गठित खण्डपीठों का भी वर्चुअल मोड से निरीक्षण किया और उच्च न्यायालय के खण्डपीठों के पीठासीन न्यायमूर्तिगण न्यायमूर्ति नरेन्द्र कुमार व्यास एवं न्यायमूर्ति राकेश मोहन पाण्डेय से संवाद किया।

## जिला पंचायत चुनाव: रायपुर और सुकमा में 12 मार्च को चुनाव में होगी कांटे की टक्कर

# भाजपा ने किया कांग्रेस का सूपड़ा साफ, 27 जिलों में अध्यक्ष,116 जनपदों पर भी कब्जा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। सभी नगर निगमों में जहां भाजपा के महापौर बने, वहीं अब भाजपा सभी निगमों में सभापति भी बनाने में जुटी है। जहां-जहां सभापति के चुनाव हुए हैं, वहां पर भाजपा को सफलता मिली है। एक दिन पहले ही रायपुर के नगर निगम में भी भाजपा का सभापति बना है। इसी के साथ पंचायत चुनावों के बाद भाजपा ने जहां जपद पंचायतों में अध्यक्षों के सबसे ज्यादा पद जीते हैं, वहीं जिला पंचायतों में भी अब तक हुए चुनाव में सभी 27 जिलों में अपने अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाने में सफलता प्राप्त की है।

जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा को लगातार जीत मिल रही है। शनिवार को भी भाजपा के प्रत्याशी चार जिलों में जीते। अब तक भाजपा के 27 जिलों में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जीत गए हैं। अब बचे 6 जिलों में से चार में तो भाजपा के लिए जीत की राह आसान है, क्योंकि यहां पर भाजपा का बहुमत है, लेकिन रायपुर और सुकमा में पेंच फंसा हुआ है। यहां पर मामला बराबरी का है। ऐसे में किसके हाथ जीत लगेगी, कहना मुश्किल है। वैसे भाजपा का पूरा प्रयास इन दोनों स्थानों में भी भाजपा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष बनाने का है। 129 जनपद पंचायतों में अब तक हुए चुनाव में भाजपा के 116 में अध्यक्ष और 119 में उपाध्यक्ष जीते हैं।

### 116 जनपद में जीते भाजपा के अध्यक्ष

जनपदों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में भी भाजपा को बड़ी जीत मिली है। 146 जनपदों में से अब तक 129 में हुए चुनाव में भाजपा के 116 में अध्यक्ष और 119 में उपाध्यक्ष बने हैं। कांग्रेस के 10 अध्यक्ष और 8 उपाध्यक्ष जीते हैं। इसी के साथ सीपीआई के दो अद्यक्ष और दो उपाध्यक्ष जीते। एक अध्यक्ष गोंडवाना पार्टी का भी जीता है। अभी 17 जनपदों के चुनाव बचे हैं। सभी में 12 मार्च तक चुनाव पूरे हो जाएंगे।





### बलौदाबाजार, कबीरधाम, बालोद और बिलासपुर में जीते

शनिवार को चार जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव हुए। भाजपा के पंचायत चुनाव के प्रदेश प्रभारी सौरभ सिंह के मुताबिक बालोद में तारिणी चंद्राकर जहां अध्यक्ष बनी हैं, वहीं उपाध्यक्ष का चुनाव तेजराम साहू जीते हैं। कबीरधाम में ईश्वरी साहू अध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध जीते हैं। उपाध्यक्ष का चुनाव कैलाश चंद्रवंशी भी निर्विरोध जीते। बलौदाबाजार में आकांक्षा जायसवाल अध्यक्ष और पवन साहू उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध जीते हैं। बिलासपुर में अध्यक्ष पद का चुनाव राजेश सूर्यवंशी जीते। ललिता संतो। कश्यप उपाध्यक्ष का चुनाव जीती।

### किस जिले में कौन अध्यक्ष

| | |
|---|---|
| कोरिया | रोहित पैकरा |
| सूरजपुर | चंद्रमणी पैकरा |
| बलरामपुर | हिरामुनी निकुंज |
| सरगुजा | निरूपा सिंह |
| रायगढ़ | शिखा गबेल |
| कोरबा | पवन कुमार सिंह |
| बिलासपुर | राजेश सूर्यवंशी |
| जीपीएम- | समीरा पैकरा |
| सक्ती | द्रौपदी चंद्रा |
| जांजगीर चांपा | सत्य लता मिरी |
| महासमुंद- | मोगरा पटेल |
| बलौदाबाजार | आकांक्षा जायसवाल |
| गरियाबंद- | गौरीशंकर कश्यप |
| धमतरी- | अरुण कुमार सार्वा |
| बालौद- | तारणी चंद्राकर |
| दुर्ग- | सरस्वती बंजारे |
| बेमेतरा- | कल्पना तिवारी |
| कबीरधाम- | ईश्वरी साहू |
| राजनांदगांव- | किरण वैष्णव |
| मोहला-मानपुर | नम्रता सिंह |
| खैरागढ़-गंड़ई | प्रियंका ताम्रकार |
| कांकेर- | किरण नरेटी |
| कोंडागांव- | रीता शोरी |
| नारायणपुर- | नारायण मरकाम |
| बस्तर- | वेदवती कश्यप |
| दंतेवाड़ा- | नंदलाल मुड़ामी |
| बीजापुर- | जानकी कोरसा |

# भाजपा के राजेश बने जिला पंचायत अध्यक्ष, सिर्फ एक वोट से जीते चुनाव

### भाजपा की ही ललिता बनीं उपाध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

जिला पंचायत में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में कांटे की टक्कर हुई। भाजपे के राजेश सूर्यवंशी केवल एक वोट से चुनाव जीतकर अध्यक्ष बने, राजेश को 9 वोट और कांग्रेस की सतकली बावरे को 8 वोट मिले। इसी तरह जिला पंचायत उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के स्मृति श्रीवास के 7 वोट के मुकाबले भाजपा के ललिता कश्यप को 9 मिले और ललित उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुईं। उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस का एक वोट प्रतिक्षेपित हुआ। जिला पंचायत में आज भारी गहमागहमी के बीच अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद का चुनाव हुआ। सबसे पहले सुबह 11 बजे से अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया हुई, जिसमें भाजपा की ओर से राजेश सूर्यवंशी और कांग्रेस से श्रीमती सतकली बावरे द्वारा नामांकन दाखिल किया गया। नामांकन के लिए एक घंटा समय दिया गया था, उसके बाद दोपहर में मतदान हुआ। अध्यक्ष पद के लिए कड़ा मुकाबला रहा और केवल एक वोट से हार-जीत तय हुआ। इसमें भाजपा के राजेश सूर्यवंशी के पक्ष में 9 सदस्यों ने वोटिंग की, जबकि कांग्रेस के श्रीमती सतकली बावरे के पक्ष में 8 वोट ही पड़े।

### आखिरी समय में तय हुआ प्रत्याशी

कांग्रेस ने तो जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए पहले से ही श्रीमती सतकली बावरे और उपाध्यक्ष के लिए श्रीमती स्मृति त्रिलोक श्रीवास को अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर दिया था, लेकिन भाजपा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष प्रत्याशियों का फैसला आज चुनाव के ठीक पहले हुआ। जिला पंचायत में चुनाव शुरू होने के ठीक पहले भाजपा कार्यालय में नवनिर्वाचित सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें राजेश सूर्यवंशी का नाम अध्यक्ष पद के लिए तय हुआ। अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद उपाध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती ललिता कश्यप का नाम दोपहर में उपाध्यक्ष चुनाव के पहले घोषित किया गया।

RCP
INFRATECH PVT. LTD.

FREE FREE FREE

ग्राहकों की भारी डिमांड पर रॉ हाउस भी उपलब्ध

VIP CITY
A City in The City

Ready to Move
Villas
2BHK, 3 BHK & 4 BHK





मकान के साथ दुकान
FREE
रेसिडेंशियल एवं कमर्शियल प्लॉट भी उपलब्ध

Ready Possession
Shops & Offices

Follow us on :
@VIPCITYRPR

CALL-812 000 8290

Member of : CREDAI CHHATTISGARH
RERA REGISTERED PROJECT :
(VIP VILLAS/SHOP) RERA NO. : PCGRERA130223001603
(PRIME- 2) RERA NO. : PCGRERA130422001395
(SECTOR-5A) RERA NO. - PCGRERA141118000845
www.rera.cgstate.gov.in

A Project by
RCP Infratech Pvt. Ltd.
Saddu-Urkura Road, Ring Road No. 3, Raipur (C.G.),
Email : rcpinfratech.vip@gmail.com, Website : www.rcpinfra.co.in

Scan this QR code to find us Google Maps
फायनेंस उपलब्ध
SBI, Central Bank of India, kotak, HDFC Home Loans
Follow us on : /vipcityrpr /vipcityrpr
* Terms & Conditions Apply

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## यहां लाल पानी ने बढ़ाई मुसीबत

गरियाबंद के पहाड़ी के ऊपर बसे जनजाति बसाहवट वाले ग्राम पंचायत ओड़, आमामोरा में दो दर्जन से ज्यादा हैंडपंप मौजूद है, लेकिन अधिकांश में लाल आयरनयुक्त पानी निकलता है। गर्मी के दिनों में तेजी से नदी नाले सूखने व जल स्तर शेष पेज 8 पर



*खेती किसानी के साथ ही साथ पेयजल संकट गहराने लगा, वनांचल क्षेत्र में लाल पानी भी बड़ी समस्या*

# मार्च में ही सूखे हलक, रसातल में चला गया पानी, कई जगह भीषण जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/ सड़क अतरिया/ मैनपुर/ बेमेतरा/ धमतरी/ भिलाई

होली से पहले ही गर्मी ने ऐसे तेवर दिखाए हैं कि पंखे ही नहीं, शहरों में कूलर और एसी चलाने पड़ रहे हैं। धरती तप रही है और नदियां सूख रही हैं। हाल ऐसा है कि कई जिलों में अभी से भीषण जल संकट शुरू हो गया है। वनांचल इलाकों में रहने वाले लोग झरिया का पानी पीने को मजबूर हैं। वहीं, कई इलाकों में आयरन युक्त पानी निकलने से भी लोगों की परेशानी बढ़ी है। इसके कारण यहां लोग भू-जल स्रोत का पानी चाहकर भी नहीं पी रहे हैं। हरिभूमि टीम ने जल संकट शेष पेज 8 पर

### भिलाई में किसानों की बढ़ी चिंता

भिलाई में भू-जल स्तर लगातार तेजी से घट रहा है। यहां हैंडपंप का जलस्तर भी काफी नीचे चला गया है। भूवैज्ञानिक डॉ. एनके त्रिपाठी का कहना है कि बदलते हुए मौसम की वजह से भू-जल गिरना चिंता का विषय है। दुर्ग जिले में अब तक की बारिश को सामान्य माना गया है, लेकिन ग्रीष्म ऋतु के दस्तक के साथ ही जिले शेष पेज 8 पर

### बेमेतरा में खेती-किसानी पर संकट के बादल

बेमेतरा जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए करोड़ रुपए खर्च करने के बावजूद पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है। शहर में बोर पंप पूरी तरह से ठप हो गए हैं, जिसके चलते पानी टैंकर से जलापूर्ति की जा रही है। जानकारी अनुसार शहर में वाटर लेबल 300 फीट तक नीचे चला शेष पेज 8 पर






inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### ईडी ने हैदराबाद में जब्त किया प्राइवेट जेट

**हैदराबाद।** प्रवर्तन निदेशालय ने हैदराबाद की कंपनी और उसके प्रवर्तकों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत लगभग 14 करोड़ रुपए मूल्य का एक निजी विमान (जेट) जब्त किया है। इन प्रवर्तकों पर पोंजी 'घोटाला' करने और कई निवेशकों से कथित तौर पर करोड़ों रुपए ठगने का आरोप है।



### एसयूवी पलटने से दो की मौत, छह घायल

**मुंबई।** मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे पर एसयूवी पलटने और उसे पीछे से वाहन के टक्कर मारने से दो लोगों की मौत हो गई जबकि छह अन्य घायल हो गए। दुर्घटना सुबह करीब नौ बजे उस समय हुई, जब वाहन यवतमाल से श्रद्धालुओं को लेकर शिर्डी की ओर जा रहा था।




प्रदेश में निजी उत्पादक कर रहे हैं 13 हजार मेगावाट से ज्यादा का उत्पादन

# निजी क्षेत्र में बिजली उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में नंबर वन, महाराष्ट्र-गुजरात भी हमसे पीछे


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ को बिजली उत्पादन के मामले में देश में नंबर वन है। हालांकि यह उत्पादन निजी कंपनियां कर रही हैं। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की उत्पादन क्षमता तीन हजार मेगावाट के आस-पास है, लेकिन निजी क्षेत्र में थर्मल संयंत्रों से छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा 13 हजार मेगावाट से भी ज्यादा बिजली पैदा होती है। अडानी ग्रुप भी अब करीब पांच हजार मेगावाट बिजली पैदा करने की तैयारी में है। उत्पादन क्षमता के आधार पर छत्तीसगढ़ निजी क्षेत्र में बिजली उत्पादन के मामले में देश में नंबर वन है। महाराष्ट्र और गुजरात जैसे राज्यों में भी निजी क्षेत्र में अपने राज्य से कम बिजली पैदा होती है।

खास खबर

छत्तीसगढ़ को देश में बिजली के मामले में अव्वल माना जाता है। यहां पर बिजली की कटौती बहुत कम होती है। उपभोक्ताओं को लगातार बिजली मिलती है। यहां पर उपभोक्ताओं की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। इस समय प्रदेश में 65 लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। यहां पर उद्योगों को भी लगातार बिजली मिलती है। बहुत कम मौकों पर उद्योगों की बिजली कट होती है।

### छत्तीसगढ़ में 65 लाख से अधिक उपभोक्ता, प्रदेशभर में लगातार मिल रही बिना कटौती की बिजली




आंकड़े मेगावाट में

#### निजी क्षेत्र में और संभावना

*प्रदेश में इस समय भाजपा की सरकार है। इसके पहले भी प्रदेश में भाजपा सरकार के समय निजी उत्पादकों से यहां पर बिजली उत्पादन के लिए कई एमओयू हुए थे। अब भाजपा सरकार में एक बार फिर से निजी उत्पादकों के प्रदेश में बिजली संयंत्र लगाने की संभावना बढ़ गई है। अदाणी ग्रुप के आने के बाद अब और कई ग्रुप यहां पर अपने संयंत्र लगा सकते हैं।*

#### पॉवर कंपनी की क्षमता कम

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है। वैसे बिजली की खपत प्रदेश में अब छह हजार मेगावाट से ज्यादा है। बिजली की पूर्ति करने के लिए पॉवर कंपनी सेंट्रल सेक्टर से बिजली लेती है। इसी के साथ प्रदेश के निजी उत्पादक जो बिजली पैदा करते हैं, उसमें से पांच फीसदी बिजली लागत मूल्य पर भी देने का प्रावधान है। पॉवर कंपनी भी अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए काम कर रही है। करीब 14 हजार मेगावाट की नई योजनाओं पर काम चल रहा है। कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्रों लगने हैं। इस पर इसी साल से काम प्रारंभ हो जाएगा।

#### छग में 24 हजार मेगावाट का उत्पादन

छत्तीसगढ़ थर्मल संयंत्रों से देश के कुल बिजली उत्पादन के मामले में दूसरा बड़ा राज्य है। यहां राज्य, निजी एवं सेंट्रल सेक्टर से कुल करीब 24 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। इसमें राज्य सरकार के विद्युत संयंत्रों की क्षमता 2960 मेगावाट है। सेंट्रल सेक्टर के संयंत्रों से 7680 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। जबकि निजी सेक्टर की बिजली उत्पादन क्षमता 13168 मेगावाट है।

#### 16 सौ मेगावाट के तीन संयंत्र अदाणी के

निजी क्षेत्र में अब अदाणी ग्रुप भी करीब पांच हजार मेगावाट के प्लांट तैयार करने में लगा है। खरोरा, कोरबा और रायगढ़ में अडानी ग्रुप के प्लांट हैं। इनमें 16-16 सौ मेगावाट के प्लांट लगाए जा रहे हैं। इससे 48 सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। खरोरा में पहले जो जीएमआर का प्लांट था, उसका अदाणी ग्रुप ले लिया है।

कांग्रेस नेता ने अपनों को सुनाया

# राहुल ने कहा- आधे नेता भाजपा के साथ मिले

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

कांग्रेस नेता और सांसद राहुल गांधी दो दिन के गुजरात दौरे पर हैं। यहां उनका गुस्सा सातवें आसमान पर दिखा है। उन्होंने अपनी ही पार्टी को निशाने पर लिया है। राहुल ने यहां तक कह दिया है कि 10 से 40 लोगों को निकालना पड़ेगा तो निकाल दो। उन्होंने यह भी कहा कि आधे लोग तो भाजपा से मिले हुए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मैं गुजरात के युवाओं, किसानों, छोटे व्यापारियों और अपनी बहनों के लिए आया हूं। मैंने खुद से पूछा कि मेरी और कांग्रेस पार्टी की क्या जिम्मेदारी है? पिछले 30 सालों से हम यहां सरकार में नहीं हैं। जब तक हम अपनी जिम्मेदारी को पूरा नहीं करेंगे, तब तक गुजरात की जनता हमें चुनाव में विजयी नहीं बनाएगी।



#### दो गुटों में बंट चुकी है कांग्रेस

राहुल गांधी ने कहा कि इस समय कांग्रेस दो गुटों में बंट चुकी है। एक गुट पार्टी के साथ खड़ा है, उसमें कांग्रेस की विचारधारा है, लेकिन जो दूसरा गुट है वो जनता से दूर है, वहां भी आधे लोग तो भाजपा से मिले हुए हैं। जब तक इन लोगों को अलग नहीं कर देते, गुजरात की जनता विश्वास नहीं करेगी।

#### कांग्रेस का गुजरात में प्रदर्शन

वैसे राहुल गांधी का ऐसा इसलिए बोलना पड़ा है क्योंकि पिछले कई विधानसभ चुनावों में कांग्रेस को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। पिछले चुनाव की बात करें तो भाजपा ने 156 सीटें जीतकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था, वही कांग्रेस ने सबसे खराब करते हुए मात्र 17 सीटें जीती थीं। इसके ऊपर कई नेताओं का पार्टी छोड़ देना भी कांग्रेस को राज्य में कमजोर कर गया है। ऐसे में अब राहुल गांधी पूरी कोशिश कर रहे हैं कि गुजरात कांग्रेस को फिर एकजुट किया जाए। वैसे अगर गुजरात में राहुल गरजे हैं, तो पीएम मोदी ने भी नवसारी में महिला शक्ति को सम्मानित किया है।

# कोरबा में बड़ा उलटफेर भाजपा हारी- बागी जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

नगर पालिक निगम सभापति चुनाव में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। भाजपा के अधिकृत उम्मीदवार को हराकर भाजपा के ही बागी प्रत्याशी नूतन सिंह ठाकुर नए सभापति चुन लिए गए हैं। नूतन सिंह ठाकुर ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी हितानंद अग्रवाल को हराया है। नूतन सिंह ठाकुर को 33 वोट, बीजेपी के अधिकृत उम्मीदवार हितानंद अग्रवाल को 18 और निर्दलीय प्रत्याशी अब्दुल रहमान को 16 वोट मिले। इस प्रकार नूतन सिंह ठाकुर 15 वोट से निगम सभापति का चुनाव जीतने में सफल हुए। शहर की राजनीति शेष पेज 8 पर



नूतन सिंह ठाकुर



हितानंद अग्रवाल

- नगर पालिक निगम कोरबा के सभापति चुनाव में भाजपा पार्षद का कब्जा

#### पार्षदों ने एकजुट होकर सर्वसम्मति से नूतन को लड़ाया चुनाव

सभापति निर्वाचन के बाद उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी की ओर से अधिकृत प्रत्याशी के रूप में पार्षद हितानंद अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया गया था, परंतु निगम के भाजपा पार्षदों ने एकजुट होकर सर्वसम्मति से पार्षद नूतन सिंह ठाकुर को सभापति के इस चुनाव में खड़ा किया था। पार्षदों ने नूतन सिंह ठाकुर शेष पेज 8 पर

#### अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफत करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा ने कहा है कि नगर निगम सभापति चुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के विरोध में कार्य करने वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में प्रदेश स्तरीय समिति शेष पेज 8 पर

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियन बनने की जंग आज

एजेंसी ▶▶| दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक अजेय चल रही भारतीय टीम रविवार को खिताबी मुकाबले में न्यूजीलैंड का सामना करने उतरेगी। भारत ने पिछले साल टी20 विश्व कप का खिताब जीता था। अब उसकी नजरें लगातार दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट जीतने पर टिकी होंगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप चरण का मुकाबला हुआ था जिसमें भारतीय टीम ने जीत दर्ज की थी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इसी आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

- रोहित शर्मा की अगुवाई में उतरेगी भारतीय टीम




#### जीत हार का रिकॉर्ड

भारत के लिए न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है। आईसीसी टूर्नामेंटों में न्यूजीलैंड का उसके खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 10-6 का है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी नॉकआउट चरण में भारत के खिलाफ चार में से तीन मुकाबले जीते हैं। अगर फाइनल उसी पिच पर खेला जाता है जहां भारत और पाकिस्तान का मैच हुआ था तो चार स्पिनर गेंदबाज फिरकी के जाल में कीवी टीम को बुरी तरह फांस सकते हैं।

# कॉलेज से घर जा रही बी कॉम की छात्रा का दिन दहाड़े अपहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबिकापुर

शहर में अपराधियों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे है और पुलिस का खौफ ही इन अपराधियों से खत्म हो गया है। यही वजह है कि अपराधी दिन दहाड़े अपहरण जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे है। शनिवार को भी कॉलेज से निकलकर घर जा रही बी कॉम शेष पेज 8 पर

- गौरव पथ पर युवकों ने घटना को दिया अंजाम

#### चल रही जांच

गर्ल्स कॉलेज के बी कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा घर लौट रही थी। इस दौरान अज्ञात तीन से चार व्यक्तियों द्वारा अपहरण किया है। परिजन की सूचना पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है।

- अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

### किशोर न्याय बोर्ड का किया पुनर्गठन

**बिलासपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने अधिसूचना जारी कर किशोर न्याय बोर्ड का पुनर्गठन किया है। नए आदेश के तहत विभिन्न जिलों में न्यायिक मजिस्ट्रेट को किशोर न्याय बोर्ड के प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया है। बिलासपुर में कु. संजूलता देवांगन, तृतीय ए.जे., प्रथम सिविल जज (सीनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी प्रधान न्यायाधीश होंगी। इसके साथ ही कोरिया (बैकुण्ठपुर) मनोज कुमार कुशवाहा, ए.जे., सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, मुंगेली में कु. श्वेता ठाकुर, सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं जेएमएफसी, कवर्धा में (कबीरधाम) कु. पूजा मण्डावी, सिविल जज शेष पेज 8 पर


रात के अंधेरे में टॉर्च की रोशनी से ढूंढ रहे सोने के सिक्के


# अफवाह उड़ी, सोने की खोज में खोदे खेत

अशोक सोनी ▶▶| बुरहानपुर

मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिला मुख्यालय से इंदौर-इच्छापुर राज्य मार्ग हाइवे पर खंडवा रोड पर ऐतिहासिक असीरगढ़ का किला से लगे खेतों में आधी रात को सोने के सिक्के ढूंढने के लिए ग्रामीण खुदाई करते नजर आ रहे हैं। सैकड़ों लोगों की भीड़ आधी रात को मोबाइल टॉर्च की रोशनी में खेतों को खोद रही है। पुलिस को सूचना मिलते निम्बोला पुलिस दिन में गई तो खेत में गड्ढे मिले ना कि सोने के सिक्के। हालांकि पुलिस जांच की बात कर रही है।

मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिला मुख्यालय से करीब 20 किलोमीटर दूरी पर इंदौर इच्छापुर हाइवे पर खण्डवा रोड पर ऐतिहासिक असीरगढ़ किले के लिए मशहूर असीर गांव आजकल खजाने के लिए खेतों में हो रही खुदाई के लिए काफी शेष पेज 8 पर






**जांच करवाएंगे :** बुरहानपुर जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार से इस बारे में मीडिया ने पूछा तो बताया कि आप लोगों ने बात संज्ञान में लाई है। जांच करवाते हैं। खुदाई करते कोई मिलता है, तो कार्यवाही करेंगे।


#### खेत से निकल रहे सोने के सिक्के

बुरहानपुर जिले के असीरगढ़ निवासी वसीम खान ने बताया कि हारून सेठ का खेत है। यहां सोने के सिक्के निकल रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है शाम 7 बजे बाद से खेतों में लोग पहुंच जाते हैं। रात 3 बजे भीड़ खुदाई करने पहुंच रही है। इसके चलते खेत मालिक भी परेशान है।

#### फिल्म छावा देखकर पहुंची भीड़

दावा किया जा रहा है कि छावा फिल्म देखने के बाद अचानक यहां भीड़ आई और सोने के सिक्कों की तलाश करने लगी। मूवी में यह बात बताई गई है कि मुगलों ने मराठा से सोना और खजाना लूट कर असीरगढ़ किले में कहीं गाड़ दिया था। इन वीडियो में सैकड़ों लोगों की भीड़ आधी रात को मोबाइल टॉर्च के उजाले में खेतों को खोद रही है।



# माइकल जॉर्डन और कोबी ब्रायंट की जर्सी होंगी नीलाम, अनुमानित कीमत 100 करोड़ से भी अधिक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माइकल जॉर्डन और कोबी ब्रायंट बास्केटबॉल के वो दिग्गज खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अपने कौशल के जरिए दुनियाभर में नाम कमाया है। रिटायरमेंट के बाद भी बच्चा-बच्चा जॉर्डन का नाम जानता है और उनकी प्रशंसा करता है। वहीं, कोबे के निधन के बाद भी वह लोगों के दिलों में जिंदा हैं और उन्हें प्रेरित कर रहे हैं। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की बेहद खास जर्सी जल्द ही नीलाम होने वाली हैं। आइए इस नीलामी के बारे में विस्तार से जानते हैं।



### कब और कहां होने वाली है इनकी नीलामी?

अमेरिका के न्यूयॉर्क में स्थित सोथबी नामक नीलामीघर इस खास नीलामी का आयोजन करवा रहा है। जानकारी के मुताबिक, जॉर्डन की जर्सी को खरीदने के लिए लोग 12 मार्च से बोली लगा सकेंगे। वहीं, कोबे की जर्सी की नीलामी 1 अप्रैल से शुरू होगी। इन दोनों जर्सी की खासियत यह है कि दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने करियर के पहले एनबीए मैच के दौरान इन्हें पहना था। अनुमान है कि दोनों जर्सी की संयुक्त कीमत करीब 100 करोड़ रुपये तक जाएगी।

### कोबे ने इस जर्सी से ही की थी करियर की शुरुआत

इस नीलामी में उपलब्ध कोबे की लॉस एंजिल्स लेकर्स टीम की जर्सी भी बेहद दुर्लभ है। नंबर 8 वाली इस जर्सी को उन्होंने पहले **NBA** मीडिया डे के दौरान पहना था। इसके अलावा, इसे अक्टूबर 1996 में उनके प्रीसीजन डेब्यू और उसके अगले महीने रेगुलर-सीजन डेब्यू के दौरान भी पहना गया था। इस जर्सी को पहनकर ही कोबे ने अपने बास्केटबॉल करियर की शुरुआत की थी और कई यादगार खेल भी खेले थे।

### जॉर्डन ने 1984 में पहनी थी यह जर्सी

जॉर्डन ने यह जर्सी 5 अक्टूबर 1984 को पहनी थी, जब वह शिकागो बुल्स की तरफ से अपना पहला मैच खेल रहे थे। इस जर्सी पर 23 नंबर छपा हुआ है और जॉर्डन का नाम भी लिखा हुआ है। खेल संबंधी यादगार वस्तुओं की प्रमाणिकता और बिक्री में विशेषज्ञता रखने वाली कंपनी मेइग्रे ने जॉर्डन की 130 जर्सियों की जांच की। हालांकि, केवल 4 ही असली पाई गईं, जिनमें से एक नीलामी के लिए उपलब्ध होने वाली है।


### जनता को भी मिलेगा दोनों जर्सी को देखने का मौका

नीलामीघर द्वारा जारी की गई प्रेस रिलीज में कहा गया कि उन्हें उम्मीद है कि प्रत्येक जर्सी लगभग 87 करोड़ रुपये में बिकेगी। सोथबी के आधुनिक संग्रहणीय वस्तुओं के प्रमुख ब्रह्म वाचर ने कहा, माइकल जॉर्डन और कोबे ब्रायंट की पहली एनबीए जर्सी सिर्फ यादगार नहीं हैं। ये महत्वाकांक्षा, कौशल और इच्छाशक्ति का प्रतीक हैं। आपको जानकर खुशी होगी कि इन्हें 21 मार्च से सोथबी के न्यूयॉर्क स्थित मुख्यालय में जनता के लिए प्रदर्शित भी किया जाएगा।

### कैसे की गई प्रमाणिकता की जांच?

बता दें कि दोनों जर्सी की प्रमाणिकता के लिए फोटो-मैच प्रशिक्षण किए गए थे। इनसे सामने आया कि दोनों जर्सी असली हैं। साथ ही, इससे यह भी पता चला कि उन्हें कब-कब पहना गया था।

## रोचक खबरें



### व्यक्ति ने खोज निकाला 10 करोड़ साल पुराने प्राचीन डायनासोर का पदचिह्न, अहम है

**नई दिल्ली।** डायनासोर लगभग 6.6 करोड़ वर्ष पहले क्रिटेशियस काल के अंत में विलुप्त हो गए थे। हालांकि, आज भी उनके अवशेष खोजे जाते हैं, जो जीवाश्म विज्ञानियों और खोजकर्ताओं के लिए बेहद अहम होते हैं। इसी कड़ी में अब इंग्लैंड के एक व्यक्ति को प्राचीन डायनासोर का करीब 10 करोड़ साल पुराना पदचिह्न मिला है। इसे जो थॉम्पसन नामक जीवाश्म विज्ञानी ने एक समुद्र तट पर ढूंढा है।आइए इस खोज के विषय में विस्तार से जानते हैं। थॉम्पसन के अनुसार, इगुआनोडोन डायनासोर के जीवाश्म पूरी दुनिया में कई जगहों पर मिलते रहते हैं।

#### समुद्र तट पर टहलते हुए मिला यह दुर्लभ पदचिह्न

वाइट कोस्ट फॉसिल्स के जीवाश्म गाइड और जीवाश्म विज्ञानी थॉम्पसन ने बताया कि वह कुछ जीवाश्म खोजने के इरादे से समुद्र तट की ओर निकले थे। इसी दौरान उन्हें आइल ऑफ वाइट पर यह दुर्लभ पदचिह्न दिखाई दिया। एक या 2 घंटे तक चलने के बाद उन्हें मिट्टी में एक बड़ी बैंगनी वस्तु दिखाई दी। देखते ही उन्हें एहसास हो गया कि वह इगुआनोडोन नामक डायनासोर का बहुत बड़ा पदचिह्न था।

### सुलभ शौचालय से लेकर काला जादू की थीम तक, भारत में मौजूद हैं ये विचित्र संग्रहालय

**नई दिल्ली।** भारत विविध संस्कृतियों का देश है, जहां का इतिहास बेहद दिलचस्प है। पुरानी संस्कृति को दर्शाने के लिए भारत में कई ऐतिहासिक संग्रहालय बनाए गए हैं, जो जानकारीपूर्ण भी होते हैं। हालांकि, इन सभी रोचक संग्रहालयों के बीच कई ऐसे संग्रहालय भी मौजूद हैं, जो वास्तव में बेहद विचित्र हैं। ये संग्रहालय उन चीजों को संजोकर रखते हैं, जिनके विषय में ज्यादा लोग बात नहीं करते।आइए भारत के अजीबो-गरीब संग्रहालयों के बारे में जानते हैं।



**सुलभ अंतरराष्ट्रीय शौचालय संग्रहालय** : दिल्ली में एक अनोखा संग्रहालय मौजूद है, जो शौचालय का इतिहास दर्शाता है। इस संग्रहालय का नाम है सुलभ अंतरराष्ट्रीय शौचालय संग्रहालय, जो कि हमेशा खुला रहता है। इस संग्रहालय में राजा-महाराजाओं के शौचालय से लेकर आज के जमाने के आधुनिक शौचालयों को भी प्रदर्शित किया गया है। यहां पर रोमन सम्राटों के सोने से बने शौचालय भी मौजूद हैं। आप यहां आकर शौचालयों के इतिहास को जान सकते हैं और सुलभ संस्था के बायोडिग्रेडेबल शौचालय भी देख सकते हैं। दिल्ली में मौजूद अंतरराष्ट्रीय गुड़िया संग्रहालय भारत में गुड़िया का एक बड़ा संग्रह है। इसकी स्थापना राजनीतिक कार्टूनिस्ट के शंकर पिल्लई ने की थी। यह संग्रहालय चिल्ड्रेन बुक ट्रस्ट की इमारत में स्थित है, जहां आकर आप दुनियाभर की गुड़ियों को देख सकते हैं।

### एआई से बनाई गईं पेंटिंग्स की नीलामी रही सफल, 6 करोड़ रुपए की हुई कमाई

नई दिल्ली। **दुनियाभर में लाखों कला प्रेमी हैं, जो पेंटिंग बनाते हैं या** उन्हें संग्रहित करते हैं। आज के आधुनिक युग में विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जरिए भी पेंटिंग बनाई जाने लगी हैं। ऐसी ही पेंटिंग्स को एक नीलामीघर ने इकट्ठा किया और पहली एआई नीलामी का आयोजन कर डाला। यह नीलामी सफल रही और इसके जरिए 6 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई भी की गई। इस आधुनिक और अनोखी नीलामी का आयोजन क्रिस्टीज ने करवाया था, जो 20 फरवरी से लेकर 5 मार्च तक चली थी। इसका आयोजन न्यूयॉर्क में करवाया गया था, लेकिन इसमें उपलब्ध पेंटिंग्स को पाने के लिए लोग ऑनलाइन बोली भी लगा सकते थे। इस नीलामी में एआई द्वारा बनाई गईं 34 पेंटिंग उपलब्ध थीं, जिन्हें अलग-अलग कलाकारों ने तैयार किया था। इस नीलामी के जरिए 6.33 करोड़ रुपये की कमाई की गई है।इस नीलामी का मुख्य आकर्षण 'मशीन हेलुसिनेशन्स- आईएसएस ड्रीम्स-ए' नामक पेंटिंग रही, जिसे 2021 में रेफिक अनाडोल ने एआई की मदद से बनाया था। इसकी कीमत 2.41 करोड़ रुपये लगी, जो इसकी अनुमानित कीमत से कई अधिक थी। आईएसएस ड्रीम्स में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन द्वारा ली गई 12 लाख तस्वीरों को एआई संचालित पेंटिंग में बदला गया है। दिवंगत अमेरिकी कलाकार चार्ल्स सीसुरी की एक कलाकृति 43 लाख रुपये में बिकी। कई पेंटिंग अपनी अनुमानित कीमत से कम पर भी नीलाम हुईं।



# दुनिया का इकलौता देश जहां नहीं है एक भी अस्पताल, कोई बच्चा नहीं लेता जन्म

नई दिल्ली। दुनिया में कई ऐसी अनोखी जगह हैं, जिनके बारे में बहुत सारे लोग नहीं जानते हैं। इनमें से एक ऐसा देश भी है, जहां पिछले 96 साल से एक भी बच्चा पैदा नहीं हुआ है। सबसे आश्चर्य की बात तो यह है कि यहां पर एक भी अस्पताल नहीं है। यह बात चौंकाने वाला है, लेकिन यह बिल्कुल सच है। घर में बच्चों की किलकारी ना गूंजे, तो घर सूना-सूना लगता है। कई बार अपने बड़े बुजुर्गों से "हम दो, हमारे दो" वाली कहावत भी सुनी होगी, लेकिन इस देश में आजतक कोई बच्चा जन्म नहीं लिया, तो आप बहुत सारी बातों को सोचने पर मजबूर हो गए होंगे कि आखिर बीमार पड़ने पर लोग क्या करते होंगे। मन में यह भी सवाल उठ रहे यदि यहां पर अस्पताल नहीं है, तो क्या यहां के लोग बीमार नहीं पढ़ते होंगे। यदि कोई मेडिकल इमरजेंसी आ जाए तो फिर यहां क्या होता है। किसी बच्चे का जन्म नहीं हुआ है तो जनसंख्या वृद्धि कैसे होगी।

### वेटिकन सिटी

दरअसल, इस देश का नाम वेटिकन सिटी है, जो दुनिया का सबसे छोटा



देश है। जनसंख्या की बात करें, तो यह करीब 800 के आसपास है। जिसे कैथोलिक चर्च द्वारा संभाल गया है। यहां रोमन कैथोलिक ईसाई धर्म के सभी धर्मगुरु रहते हैं। इस देश की स्थापना 11 फरवरी साल 1929 में किया गया था, तब से लेकर आज तक यहां पर एक भी बच्चा पैदा नहीं हुआ और ना ही यहां पर एक भी अस्पताल नहीं है। ऐसे में जब कोई व्यक्ति यहां पर बीमार पड़ जाता है या फिर इमरजेंसी हेल्थ केयर की जरूरत होती है, तो उन्हें इटली के अस्पतालों में भेज दिया जाता है।

### 96 साल से किसी बच्चे का नहीं हुआ जन्म

यह देश रोम सिटी के बीचो-बीच है, जिसका क्षेत्रफल मात्र 111 एकड़ है। कई बार अस्पताल बनाने का अनुरोध भी किया गया, लेकिन हर बार इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया गया। ऐसे में यहां कोई बीमार हो जाए या फिर कोई महिला गर्भवती होती है, तो उन्हें रोम के अस्पताल में भेज दिया जाता है। यही कारण है कि पिछले 96 सालों से कोई जन्म नहीं हुआ क्योंकि यहां पर प्रसव कक्ष की कोई सुविधा नहीं है।





### दुनिया का सबसे छोटा रेलवे स्टेशन

दुनिया का सबसे छोटा देश होने के साथ ही यहां का रेलवे स्टेशन भी सबसे छोटा है, जहां केवल दो ट्रैक है। इसकी लंबाई मात्र 300 मीटर है और एक स्टेशन है, जिसका नाम सिट्टा वेटिकनो है। इसका उपयोग केवल माल परिवहन के लिए किया जाता है। यहां लोगों के लिए ट्रेन नहीं चलाई जाती है।



### कैसे होता है बीमार लोगों का इलाज

वेटिकन सिटी में स्थानीय नागरिकता नहीं मिलती। यहां चर्च के अधिकारी, कार्डिनल्स, पादरी और स्विस गॉड्स रहते हैं, जिन्हें ब्रह्मचर्य का पालन करना पड़ता है। वहीं, जो लोग यहां काम करते हैं, वह भी अस्थाई रूप से ही यहां रहते हैं। जिनका परिवार आमतौर पर इटली या फिर अन्य देशों में रहता है। मेडिकल इमरजेंसी के दौरान वेटिकन सिटी के अंदर एंबुलेंस की टीम मौजूद रहती है, जो रोम के अस्पतालों तक मरीजों को पहुंचाती है। इसके अलावा, यहां पर एक छोटा सा मेडिकल डिस्पेंसरी है, जहां प्राथमिक उपचार दिया जाता है। इसके साथ ही यहां दुनिया की सबसे पुरानी फार्मेसी स्थित है।

# प्रकृति का अनमोल खजाना है दुनिया की यह जादुई गुफा, हर किसी को जाने की नहीं है इजाजत

एजेंसी ▶▶| वियतनाम

दुनिया में एक से बढ़कर एक चीज हैं, जो अपने आप में अनोखी है। ऐसी चीज लोगों को हैरान कर देती है। हर चीज के पीछे कोई ना कोई कारण भी अवश्य छुपा होता है। आज हम आपको दुनिया की सबसे बड़ी गुफा के बारे में बताएंगे। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इस गुफा के अंदर एक रहस्यमयी दुनिया भी है, जो यकीन से परे है। यहां के रास्ते, गहराई और अनदेखे नजारे आपको हैरान कर देंगे। यह दुनिया की सबसे बड़ी चमत्कारिक गुफा मानी जाती है। आज हम आपको उसे गुफा के बारे में बताएंगे, जो इतनी विशाल है कि उसके अंदर एक अलग सी दुनिया बसी हुई है। यहां का रहस्य काफी अलग है। यहां हर किसी को जाने की इजाजत भी नहीं मिलती है।






### बसी है अलग दुनिया, केवल चार दिन जाने की अनुमति

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इसमें एक अलग दुनिया भी बसी है। यहां बारिश होती है, जंगल है, नदी बहती है। जिस कारण यहां अलग जलवायु बन चुकी है। साल 2013 में वियतनाम सरकार द्वारा इसे खोला गया, जहां केवल चुनिंदा पर्यटकों को ही जाने की इजाजत मिलती है। वह भी केवल चार दिन के लिए.. ऑक्जेलिक एडवेंचर कंपनी परमिट से लेकर गाइड तक सब कुछ संभालती है, ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार का कोई नुकसान ना हो।

### ऐसे पड़ा गुफा का नाम

दरअसल, इस गुफा का नाम सॉन डूंग गुफा है जो कि वियतनाम और लाओस की सीमा पर स्थित है। यहां फॉन्ग न्हाके बांग नेशनल पार्क भी है, जो कि 9 किलोमीटर लंबी है। इस तरह यह दुनिया की सबसे बड़ी गुफाओं में से एक है। इसके पास एक छोटा सा गांव बसा है, जिसका नाम डूंग है। इसी नाम के आधार पर इस गुफा का नाम रखा गया है।





### किसान ने की थी खोज

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यहां आस-पास रहने वाले किसान हो खान ने 1991 में इस गुफा को ढूंढा था, लेकिन वह इसे भूल गया। फिर साल 2009 में ब्रिटिश गुफा अनुसंधान संघ ने इसे दोबारा खोजा, जिसे देख सभी हैरान रह गए थे। इस गुफा के अंदर 80 मीटर तक ऊंचे चूने के स्टैलेग्माइट्स है।

### पानी-चूने के बने बड़े-बड़े मोती

इस रहस्यमयी गुफा में कई बड़े-बड़े मोती मिलते हैं, जो पानी और चूने से बने होते हैं। लंबाई और चौड़ाई की बात करें, तो यह 150 मीटर चौड़ी और 200 मीटर ऊंची है और 9 किलोमीटर लंबी है। जिसमें एक पूरा शहर या फिर हवाई जहाज भी समा सकता है।

### दुनिया के सबसे महंगे बिकने वाले स्नीकर्स कीमत जानकर उड़ जाएंगे होश



**नई दिल्ली।** स्नीकर्स या ट्रेनर मुख्य रूप से खेल या अन्य प्रकार की शारीरिक गतिविधियों के लिए डिजाइन किए गए जूते होते हैं।हालांकि, पिछले कुछ सालों से ये फैशन स्टेटमेंट बन गए हैं, जिन्हें पहनकर एक कूल लुक मिलता है। अगर आप भी एक स्नीकर हेड हैं और उन्हें जमा करने में दिलचस्पी रखते हैं तो यह लेख आपके लिए ही है। आइए दुनिया के सबसे महंगे बिकने वाले स्नीकर्स के बारे में जानते हैं।

**'द डायनेस्टी' संग्रह** : सोथबी नामक नीलामी घर ने माइकल जॉर्डन द्वारा पहने गए एयर जॉर्डन के संग्रह को नीलाम किया था, जिसका नाम 'द डायनेस्टी' था।इस संग्रह में 6 एयर जॉर्डन स्नीकर्स शामिल थे, जिन्हें जॉर्डन ने अपने खेलों के दौरान पहना था। इस संग्रह की कुल कीमत 68 करोड़ रुपये से भी अधिक थी। सभी स्नीकर्स पर जॉर्डन के हस्ताक्षर भी मौजूद थे, जिस कारण इनकी कीमत और अधिक बढ़ गई थी।

#### एयर जॉर्डन 13

सबसे महंगे स्नीकर्स की सूची में दूसरा नाम एयर जॉर्डन 13 का है। जॉर्डन ने यह स्नीकर्स 5 जून, 1998 को हुए एनबीए फाइनल्स के दौरान पहने थे, जिसे 'द लास्ट डांस' सीजन कहा जाता है। इन स्नीकर्स को 2023 में नीलाम किया गया था और इनकी कीमत 18 करोड़ रुपये से भी अधिक थी। जॉर्डन ने यह स्नीकर्स लॉकर रूम की देख-रेख करने वाले एक कर्मचारी को भेंट किए थे और उनपर खिलाड़ी के हस्ताक्षर भी मौजूद थे।

## नीलामी में 2000 से ज्यादा वस्तुओं को 900 लॉट में बांटा गया

# 'गेम ऑफ थ्रोन्स' सीरीज का सिंहासन 12 करोड़ में हुआ नीलाम

एजेंसी/नई दिल्ली

गेम ऑफ थ्रोन्स अमेरिका की एक लोकप्रिय सीरीज है, जिसके अब तक 8 सीजन आ चुके हैं। यह सीरीज केवल अमेरिका में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में पसंद की जाती है। गेम ऑफ थ्रोन्स के प्रशंसकों ने इसके प्रति अपने प्यार को दर्शाते हुए 3 दिवसीय नीलामी में भाग लिया। इस नीलामी के दौरान सीरीज का प्रतिष्ठित सिंहासन 12 करोड़ रुपये में बेचा गया। इसके अलावा, 100 से ज्यादा वस्तुएं नीलम हुईं, जिनकी कीमत 1 अरब रुपये तक थी।

### 4,500 से अधिक लोगों ने नीलामी में लगाई थी बोली

इन सभी वस्तुओं की नीलामी अमेरिका के शहर डलास में स्थित हेरिटेज नामक नीलामी घर द्वारा आयोजित की गई थी। नीलामी में शामिल 2,000 से ज्यादा वस्तुओं को 900 लॉट में बांटा गया था। इन वस्तुओं को हासिल करने के लिए कई लोगों ने ऑनलाइन भी बोली लगाई थी। हेरिटेज ने रविवार को कहा कि इस आयोजन में 4,500 से अधिक लोगों ने बोली लगाई, जिससे 1 अरब रुपये तक की कमाई हुई।



### लोकप्रिय रहा सीरीज का लोहे वाला सिंहासन

प्रशंसकों ने इस नीलामी के दौरान गेम ऑफ थ्रोन्स में इस्तेमाल हुए कवच, तलवारें, हथियार और गहने समेत कई अन्य वस्तुएं खरीदीं।हालांकि, इस नीलामी का हाइलाइट सीरीज का लोहे वाला सिंहासन था, जिसके लिए लोगों ने जमकर बोली लगाई थी। यह सिंहासन महज 6 मिनट के अंदर 12 करोड़ रुपये में बिक गया था। यह असली सिंहासन का एक नमूना था, जिसे प्लास्टिक से बनाया गया था।

### नीलामी के दौरान इन अन्य वस्तुओं ने भी मचाई धूम

नीलामी में जॉन स्नो की प्रसिद्ध तलवार लॉन्गक्ला 3 करोड़ रुपये में बिकी। इसके अलावा, एक भारी केप वाली उनकी रात की घड़ी की पोशाक 2 करोड़ रुपये में नीलाम हुई। डेनेरीज द्वारा पहना गया एक ग्रे साबर पहनावा 94 लाख रुपये में बिका। शो में अपने आखरी दिन पर सेर्सी द्वारा पहनी गई लाल मखमली पोशाक 1 करोड़ रुपये में नीलाम हुई। इनके अलावा कई ऐसी वस्तुएं भी थीं, जिन्हें लाखों रुपये में नीलाम किया गया था।

### यह हेरिटेज की अब तक की दूसरी सबसे अच्छी नीलामी रही

यह नीलामी हेरिटेज की अब तक की दूसरी सबसे अच्छी नीलामी रही, जो मनोरंजन क्षेत्र से जुड़ी हुई थी। हेरिटेज के कार्यकारी उपाध्यक्ष जो मैडालेना ने एक बयान में कहा, "यह एमी-विजेता पोशाक डिजाइनरों और प्रोप निर्माताओं द्वारा बनाए गए असाधारण खजाने हैं, जिन्होंने जॉर्ज आर.आर. मार्टिन के अद्भुत उपन्यासों को अनुकूलित करने के लिए अथक प्रयास किया। उन्होंने आगे कहा, सभी लोग प्रसिद्ध 'गेम ऑफ थ्रोन्स' के जादू का एक टुकड़ा हासिल करना चाहते थे।


MARUTI SUZUKI
NEXA
WHERE'S YOUR INSPIRATION TAKING YOU NEXT?
Drive home your favourite NEXA car and explore new horizons.
CREATE. INSPIRE.
3 years 100 000 km WARRANTY*
EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
CONSUMER OFFERS OF UP TO ₹1 00 000#
EXCHANGE BONUS OF UP TO ₹1 00 000#
PER LAKH EMI STARTING FROM ₹1 470#
ADDITIONAL SCRAPPAGE BONUS UP TO ₹ 15 000 IS AVAILABLE AGAINST VALID CERTIFICATE OF DEPOSIT.
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[6392]
For detailed T&C kindly visit nearest dealership. Maruti Suzuki India Limited reserves the right to discontinue offers without notice and offers may vary across variants. Offer includes consumer offer, exchange bonus and institutional or rural offer (wherever applicable) on select models/variants. Finance is at the sole discretion of financier. 3 years or 100 000 km – whichever is earlier. Scrappage offer valid for limited period only and is brought to you by Maruti Suzuki Toyotsu India Private Limited (a joint venture company between Maruti Suzuki India Ltd and Toyota Tsusho Group). Above offers are valid till 31st March 2025. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. Car color may vary due to printing on paper.

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नया वर्ल्ड ऑर्डर बना रहे हैं, उन्हें लग रहा है कि पुराने वर्ल्ड ऑर्डर में अमेरिका को नुक़सान हो रहा है। ट्रंप की नीतियों से केवल यूरोप और अमेरिकी सहयोगी ही प्रभावित नहीं होंगे बल्कि भारत के लिए भी नई चुनौतियां खड़ी होंगी। ट्रंप ने भारत पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाने का ऐलान किया है। कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन के आयात पर भी 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ प्रभावी किए जाने के बाद इन देशों के द्वारा भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाए जाने से नया ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। निश्चित रूप से इस समय ट्रंप के टैरिफ तूफान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की डगर को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। दोनों देश टैरिफ और नॉन टैरिफ बाधाओं को कम करने के प्रयास में लगे हुए हैं। दोनों देशों के बीच व्यापारिक वार्ता से इस मसले का हल निकलने की उम्मीद है। वहीं दूसरी ओर जबरन कब्जे को लेकर ट्रंप के नए फैसले व व्यवहार से उदार विश्व व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। रूस पर अभी भी अमेरिकी प्रतिबंध लागू हैं और ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि उन्हें तभी हटाया जाएगा, जब रूस यूक्रेन में युद्ध खत्म कर देगा। ट्रंप की नीतियों को लेकर न केवल पूरी दुनिया में उथल-पुथल की स्थिति है बल्कि अमेरिका के भीतर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। इसी स्थिति का आकलन करता आजकल का यह अंक..**

# नया वर्ल्ड ऑर्डर बना रहा अमेरिका



कूटनीति
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

**ट्रंप अमेरिकी फर्स्ट की बात कर रहे हैं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर आक्रामक हो रहे हैं, रूस के साथ बात कर रहे हैं, भारत व चीन पर रेसिप्रोकल टैक्स आयद कर रहे हैं। पेरिस जलवायु करार व विश्व स्वास्थ्य संगठन से निकल गए हैं, संयुक्त राष्ट्र व नाटो से निकलने की चेतावनी दे रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी बरसी पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस हफ़्ते रूसी हमले की निंदा के लिए एक प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन अमेरिका ने उत्तर कोरिया, बेलारूस और सूडान की पंक्ति में खड़े होकर रूस का पक्ष लिया। दूसरी तरफ़ ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इटली और जापान के साथ ज़्यादातर देशों ने रूस का विरोध किया।**

अमेरिका की कमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास दोबारा आने के बाद पिछले क़रीब 75 सालों से जो वर्ल्ड ऑर्डर था, वो बदलता दिख रहा है। ट्रंप अब नया वर्ल्ड ऑर्डर बना रहे हैं, उन्हें लग रहा है कि पुराने वर्ल्ड ऑर्डर में अमेरिका को नुक़सान हो रहा है। ट्रंप अमेरिकी फर्स्ट की बात कर रहे हैं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर आक्रामक हो रहे हैं, रूस के साथ बात कर रहे हैं, भारत व चीन पर रेसिप्रोकल टैक्स आयद कर रहे हैं। पेरिस जलवायु करार व विश्व स्वास्थ्य संगठन से निकल गए हैं, संयुक्त राष्ट्र व नाटो से निकलने की चेतावनी दे रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले की तीसरी बरसी पर संयुक्त राष्ट्र महासभा में इस हफ़्ते रूसी हमले की निंदा के लिए एक प्रस्ताव लाया गया था, लेकिन अमेरिका ने उत्तर कोरिया, बेलारूस और सूडान की पंक्ति में खड़े होकर रूस का पक्ष लिया। दूसरी तरफ़ ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, कनाडा, इटली और जापान के साथ ज़्यादातर देशों ने रूस का विरोध किया। दिलचस्प है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा में फ्रांस और ब्रिटेन ने रूस की निंदा करने वाले प्रस्ताव का खुलकर समर्थन किया, लेकिन जैसे ही अमेरिका संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस की बिना निंदा किए यूक्रेन में जारी जंग ख़त्म करने का प्रस्ताव लाया तो फ्रांस और ब्रिटेन ने वीटो नहीं किया।

ब्रिटेन और फ्रांस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं और दोनों चाहते तो अमेरिका के इस प्रस्ताव को वीटो कर सकते थे लेकिन दोनों वोटिंग से बाहर रहे। अमेरिका का यह प्रस्ताव 10 वोटों से पास हो गया लेकिन ब्रिटेन और फ्रांस के अलावा यूरोप के तीन और देश ग्रीस, डेनमार्क और स्लोवेनिया वोटिंग से बाहर रहे। फ्रांस और ब्रिटेन जो चीन और भारत व रूस के दोस्त माने जाते हैं, उनके व्यवहार में भी रूस को लेकर ट्रंप की तरह क्रांतिकारी बदलाव नहीं आया है। यूएन महासभा में रूस की निंदा वाले प्रस्ताव पर वोटिंग से चीन और भारत बाहर रहे जबकि अमेरिका ने रूस के पक्ष में मतदान किया। चीन और भारत की विदेश नीति में रूस को लेकर एक तरह की निरंतरता है जबकि अमेरिका के रुख़ में अविश्वसनीय बदलाव आया है। एक वैकल्पिक दुनिया में भारत की अपनी जगह सुरक्षित है। भारत नहीं चाहता है कि क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन या विस्तारवाद को समर्थन या मान्यता दी जाए। भारत यूरोप के साथ भी सकारात्मक संबंध बनाकर रखना चाहता है। रूस के प्रति ट्रंप की उदारता स्थायी है या अस्थायी, इसे अभी समझा जाना बाक़ी है।

## क्या है वैश्विक व्यवस्था

अभी यह देखना बाक़ी है कि ट्रंप का रुख रूस व चीन को लेकर समान रहता है या अंतर रहता है। ट्रंप की नीति पर अभी कुछ भी कहना ख़तरे से ख़ाली नहीं है कि आखिर अमेरिका चाहता क्या है? पर अमेरिका वर्ल्ड ऑर्डर को जरूर बदल रहा है। वर्ल्ड ऑर्डर यानी वैश्विक व्यवस्था का मतलब उस व्यवस्था से है, जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद बना था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र बना था और वैश्विक व्यवस्था के संचालन में इसकी अहम भूमिका थी। अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र के चार्टर में इस बात को प्रमुखता से शामिल किया था कि कोई भी देश किसी दूसरे देश के भूभाग को जबरन अपने में नहीं मिला सकता है। इस तरह की सैन्य कार्रवाई को अपराध के दायरे में रखा गया था। अमेरिका ने इसी व्यवस्था को बनाए रखने के लिए 1950 में उत्तर कोरिया के ख़िलाफ़ अपने सैनिकों को भेजा था और 1991 में इराक़ी आक्रामकता से लड़ने के लिए सैनिकों की तैनाती की थी।



## जबरन कब्जे की 150 से ज़्यादा घटनाएं

1816 से 1945 के बीच एक-दूसरे देश के भूभाग पर जबरन क़ब्ज़े की 150 से ज़्यादा घटनाएं हुईं, लेकिन 1945 के बाद एक वैश्विक व्यवस्था बनी, जिसे संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका का संरक्षण हासिल था और इस व्यवस्था के ज़रिए एक-दूसरे के क्षेत्र पर नियंत्रण को रोक दिया गया। अब डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की इस उपलब्धि को पीछे छोड़ चुके हैं। 'लिबरल वर्ल्ड ऑर्डर' प्रतिबद्धताओं, सिद्धांतों और मानदंडों पर बनाए गए अंतरराष्ट्रीय संबंधों की एक व्यवस्था है। इसके मूल में अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र की महासभा और सुरक्षा परिषद जैसी संस्थाएं हैं। 'उदार विश्व व्यवस्था' मुक्त व्यापार जैसे मूल्यों का भी प्रतिनिधित्व करती है, जिसे विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ), अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाएं बरकरार रखती हैं। इसमें सबसे बड़ी धारणा ये वैचारिक मान्यता है कि पश्चिमी उदार लोकतंत्र, सरकार के सर्वश्रेष्ठ मॉडल का प्रतिनिधित्व करता है। अंतरराष्ट्रीय क़ानून के उल्लंघन को संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्तावों या अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसलों के ज़रिए आधिकारिक रूप से उठाया जा सकता है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद आर्थिक प्रतिबंध लगा सकती है या चरम मामलों में सैन्य कार्रवाई को अधिकृत कर सकती है।

## अमेरिका में ही उठ रहे सवाल

ट्रंप के नए फैसले व व्यवहार से उदार विश्व व्यवस्था के अंत की घोषणा करना जल्दबाजी होगी। रूस पर अभी भी अमेरिकी प्रतिबंध लागू हैं और ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि उन्हें तभी हटाया जाएगा, जब रूस यूक्रेन में युद्ध खत्म कर देगा। ट्रंप की नीतियों को लेकर न केवल पूरी दुनिया में उथल-पुथल की स्थिति है बल्कि अमेरिका के भीतर भी कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। ट्रंप की नीतियों से केवल यूरोप और अमेरिकी सहयोगी ही प्रभावित नहीं होंगे बल्कि भारत के लिए भी चुनौतियां बढ़ेंगी। दूसरे विश्व युद्ध के बाद आख़िरकार अमेरिका ने विश्व व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कमोबेश एक ज़िम्मेदार देश की भूमिका निभाई है। अब ट्रंप ने उन सारे अंतरराष्ट्रीय नियमों को ठंडे बस्ते में डाल दिया है, जिसकी अमेरिका वकालत करता था। 'मिसाल के तौर पर ट्रंप पनामा नहर पर अमेरिका का नियंत्रण चाहते हैं और ग्रीनलैंड को जबरन लेना चाहते हैं। ये सारी बातें संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं। दूसरी तरफ़ अमेरिका कहता था कि यूक्रेन पर रूस का हमला अवैध है। ऐसे में ट्रंप अगले चार सालों में क्या करेंगे। यह बहुत बड़ा सवाल है। ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत के लिए यही अच्छा होगा कि अमेरिकी सहयोगी बनने की बजाय अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के साथ रहे। भारत अपनी बुद्धिमत्ता से काम ले रहा है क्योंकि उसने क्वॉड और ब्रिक्स दोनों में रहकर विकल्प खुला रखा है।

भारत में सरकारें बदलती हैं लेकिन विदेश नीति में एक किस्म की निरंतरता है। अमेरिका की तरह नहीं है कि बाइडन रूस के ख़िलाफ़ हैं और ट्रंप आए तो रूस के दोस्त बन गए। भारत की विदेश नीति की बुनियाद गुट निरपेक्षता में रखी गई थी यानी भारत किसी गुट में नहीं होगा। भारत की इस विदेश नीति का पालन सभी सरकारों ने किया। पिछले 11 सालों से बीजेपी की सरकार है और यह सरकार बहुध्रुवीय दुनिया की वकालत कर रही है। भारत किसी गुट में नहीं है और भारत सभी गुटों में है। भारत पारंपरिक रूप से बहुपक्षीय वैश्विक संस्थानों और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का समर्थक रहा है। भारत नहीं चाहता है कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद जो ग्लोबल ऑर्डर बना था, वो ध्वस्त हो जाए। भारत ने इसी ग्लोबल ऑर्डर में अपनी पकड़ मज़बूत बनाने की कोशिश की, लेकिन ज़रूरी नहीं है कि यह व्यवस्था नष्ट होती है तो भारत के ख़िलाफ़ ही जाएगा। भारत समेत उन सभी देशों के लिए संदेश है कि आप किसी की पीठ थपथपाने से बैटल ग्राउंड मत बनिए। भारत को इस सच का सामना करना होगा कि पुरानी दोस्ती और साझेदारी शायद भविष्य में काम न आए। भारत रूस पर भी आश्रित नहीं रह सकता है क्योंकि पुतिन और ट्रंप अब एक ही पाले में हैं। चीन की क़रीबी पाकिस्तान से बढ़ रही है और ग्लोबल साउथ की अहम शक्तियां ब्राज़ील और दक्षिण अफ़्रीका भी दिल्ली की तुलना में बीजिंग के क़रीब हैं।

## क्या होगा जब अमेरिका नाटो से हटेगा

नाटो के लिए अमेरिका इसलिए जरूरी है कि पूरे यूरोप में एक लाख से अधिक अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। इनमें से कुछ अमेरिकी गैर नाटो अभियानों में भी सहायता करते हैं। इस वक्त यूरोपीय देशों में से जर्मनी में सबसे अधिक अमेरिकी सैनिक तैनात हैं। इसके बाद इटली और ब्रिटेन में अमेरिकी सेना है। फिर पूरी दुनिया को पता है कि अमेरिका वैश्विक महाशक्ति है, जिसकी जीडीपी साल 2024 में बाकी सभी नाटो सदस्य देशों के बराबर थी। रक्षा पर अमेरिका का कुल खर्च नाटो के कुल खर्च का दो तिहाई है। इन सबसे जाहिर है कि अगर अमेरिका नाटो का साथ छोड़ता है तो सदस्य देशों की सैन्य क्षमता में कमी आएगी। नाटो में अमेरिका के नहीं होने से संगठन की सैन्य क्षमता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अलग हो जाएगा। इससे सदस्य देशों की सामूहिक सुरक्षा की स्थिति कमजोर होगी। हालांकि, जर्मनी के होने वाले चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने यूरोप के सभी देशों से कहा है कि जितनी जल्द संभव हो यूरोप को और मजबूत करने की जरूरत है, जिससे अमेरिका से आजादी मिल सके। अमेरिका से नाटो को मिलने वाली फंडिंग भी रुक जाएगी और बाकी सदस्य देशों के लिए खर्च चलाना मुश्किल हो जाएगा। नाटो के बाकी देशों के पास कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम, स्पेस वेपंस और हथियारों की सप्लाई का भी विकल्प नहीं है। ऐसे में यूरोप को खतरे का सामना करना पड़ेगा, खासकर रूस यूरोप पर हमलावर हो सकता है, जिसके लिए यूरोप न तो तैयार है और न ही सालों में तैयारी कर पाएगा। अमेरिका के साथ छोड़ने के बाद यूरोप के देशों को अपनी सैन्य ताकत अपने देश की रक्षा में लगानी होगी और यूक्रेन को तुरंत ही हथियारों की कमी का सामना करना पड़ेगा।

## अमेरिका का प्रभुत्व भी घटेगा

यूएन से अमेरिका के हटने से खुद ट्रंप के लिए आसान नहीं होगा, बल्कि इससे अंकल सैम के सामने समस्या ही आएगी। यूरोप के देश अपने यहां ही नहीं, अफ्रीका और पश्चिमी एशिया में भी अमेरिका को ठहरने नहीं देंगे। इनमें से बहुत से देश रूस और चीन के करीब चले जाएंगे।

सबसे पहले तो यही होगा कि वैश्विक मंच से अमेरिका नदारद हो जाएगा। उसका वीटो का अधिकार खत्म हो जाएगा। यूएन सिक्योरिटी काउंसिल के पांच स्थायी सदस्यों में से एक अमेरिका को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ेगी। यूएन का साथ छोड़ने से वैश्विक स्तर पर अमेरिका का वार्ता और मध्यस्थता का अधिकार खत्म होगा ही, वैश्विक मुद्दों पर इसकी पकड़ कमजोर होगी और चीन की पकड़ बढ़ती जाएगी। अमेरिका के साथ छोड़ने पर यूएन की एजेंसियों की मजबूरी होगी कि वे चीन के झंडे के नीचे आ जाएं। चीन इसे अवसर की तरह लपकेगा।

# टैरिफ से मुकाबले में भारत की रणनीति



ट्रेड वार
डॉ. जयंतीलाल भंडारी
ख्यात अर्थशास्त्री

हाल ही में 5 मार्च को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल टैरिफ (जवाबी शुल्क) लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप के द्वारा 4 मार्च से कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी और चीन के आयात पर भी 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ प्रभावी किए जाने के बाद इन देशों के द्वारा भी अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाए जाने से नया ट्रेड वॉर शुरू हो गया है। यद्यपि अभी ट्रंप ने भारत पर टैरिफ रेट का ऐलान नहीं किया है, किन्तु भारत पर टैरिफ वृद्धि चीन और कनाडा से कम ही होगी।

यह स्थिति भारत के पक्ष में है। भारत अभी अमेरिका से आयात होने वाले उत्पादों पर औसतन 9 फीसदी का टैरिफ लगाता है। ऐसे में अमेरिका भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ के आधार पर 9 फीसदी से अधिक टैरिफ नहीं लगाएगा। गोल्डमैन सॉक्स के मुताबिक अमेरिकी टैरिफ से भारत की जीडीपी पर अधिकतम 0.6 फीसदी तक असर संभव है, जोकि बेहद कम है।

## उपयुक्त टैरिफ रियायतें

सिटी रिसर्च के अनुसार भारत को करीब 7 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है, जबकि अमेरिका के साथ व्यापार लक्ष्य 500 अरब डॉलर सुनिश्चित किया गया है। जहां भारत में अमेरिकी टैरिफ से टेक्सटाइल, दवाई, ऑटोमोबाइल, इस्पात, एल्युमिनियम और सेमीकंडक्टर जैसे सेक्टर्स में चिंताएं हैं, वहीं भारतीय शेयर बाजार के दोनों सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बड़ी गिरावट के दौर में हैं। निःसंदेह टैरिफ वार की इन चुनौतियों के बीच भारत अमेरिका के लिए उपयुक्त टैरिफ रियायतों के साथ द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की भी नई रणनीति के साथ ट्रंप की टैरिफ मार से मुकाबला करने की डगर पर सुनियोजित रूप से आगे बढ़ रहा है। खास बात यह भी है कि जहाँ अमेरिका से निर्मित टैरिफ चुनौतियों के बीच अब भारत को निर्यात के नए मौके मिलने की उम्मीद हैं, वहीं ट्रंप की नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढ़ने का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे सकेगा।

यहां यह उल्लेखनीय है कि 4 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया का हर देश भारत के साथ आर्थिक कारोबारी साझेदारी मजबूत करना चाहता है। ऐसे में भारत के उद्योग-कारोबार क्षेत्र के द्वारा नए मौकों को मुट्ठी में करने के लिए तत्परता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि ट्रंप के द्वारा अपनाई जा रही अमेरिका फर्स्ट और रेसिप्रोकल टैरिफ की नीति के कारण दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है।

## डब्ल्यूटीओ अब मुख्य स्तम्भ नहीं

नया व्यापार युद्ध शुरू हो गया है। दुनिया में वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं।

ऐसे में भारत ने इस नए बदलाव को समझते हुए रणनीतिपूर्वक एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले वर्ष 2025-26 के बजट में अमेरिका से आने



वाली वस्तुओं पर शुल्क घटा दिए हैं। साथ ही मित्र देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की ऐसी नई रणनीति पर आगे बढ़ना शुरू कर दिया है, जिसमें मित्र देशों को पर्याप्त रियायतें भी हैं।

इसी परिप्रेक्ष्य में विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को पूरी तरह समाप्त कर दिया है। उल्लेखनीय है कि विगत 13 फरवरी को नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। इसी प्रकार भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है।

इसी तरह अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण किए जाने के मद्देनजर भी भारत ने रणनीति तय की है। यह बात महत्वपूर्ण है कि अमेरिका, यूरोपीय आयोग और ब्रिटेन इन तीनों का भारत के कुल द्विपक्षीय वैश्विक कारोबार में एक तिहाई से भी ज्यादा का हिस्सा है। वर्ष 2030 तक भारत इन तीनों के साथ अपने द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना बढ़ाने की डगर पर आगे बढ़ा है। निश्चित रूप से इस समय ट्रंप के टैरिफ तूफान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं की डगर को तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं। पिछले वर्ष से ही इस रणनीति से द्विपक्षीय व्यापार के अच्छे अध्याय लिखे गए हैं। निश्चित रूप से अमेरिका के टैरिफ वार के मुकाबले के लिए भारत की नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएँ भारत की मुट्ठी में एक असरकार हथियार है। भारत के लिए ट्रंप की चुनौतियों के बीच वैश्विक कारोबार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। एक ओर अमेरिका में भारत के निर्यात बढ़ सकते हैं, वहीं भारत को वैश्विक निर्यात में भी बढ़त मिल सकती है। अब चीन पर अमेरिका द्वारा भारी टैरिफ लगाने से अमेरिका चीन टैरिफ वॉर के कारण जिन क्षेत्रों में चीन अमेरिका को प्रमुखता से निर्यात करता है, उनमे से कई क्षेत्रों में अमेरिका को भारत अपना निर्यात सरलता से बढ़ा सकता है।

## वैश्विक व्यापार में बढ़ने के मौके

इन क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल उपकरण, मोबाइल फोन, फुटवीयर, टेक्सटाइल और गार्मेंट्स, फर्नीचर और घर के सजावटी सामान, वाहनों के कल पुर्जे, खिलौने और रसायन आदि शामिल हैं। इस परिप्रेक्ष्य में भारतीय निर्यातकों को अमेरिका बाजार में पहुंच बढ़ाने के लिए वर्ष 2025-26 के बजट में स्वीकृत किया गया एक्सपोर्ट प्रमोशन मिशन अहम भूमिका निभाएगा। इतना ही नहीं, ट्रंप के रुख और उनकी नीति से भारत को चीन प्लस वन के रूप में दुनिया के वैश्विक व्यापार में तेजी से बढ़ने का मौका भी मिलते हुए दिखाई दे रहा है।

चीन में मैन्यूफैक्चरिंग करने वाली कई विदेशी कंपनियां भी भारत का रुख कर सकती हैं। इन सबके साथ जिस तरह ट्रंप अमेरिका फर्स्ट की रणनीति के साथ अमेरिका को तेजी से आर्थिक मजबूती देने का प्रयास कर रहे हैं, उसी तरह भारत में भी प्रधानमंत्री मोदी इंडिया फर्स्ट की रणनीति को तेजी से आगे बढ़ाकर घरेलू उद्योग कारोबार और अर्थव्यवस्था को तेजी से बेरोकटोक आगे बढ़ाने के मौके को मुट्ठी में ले सकते हैं। हम उम्मीद करें कि सरकार अमेरिकी टैरिफ की नई चुनौतियों के बीच नई द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं और नए मुक्त व्यापार समझौतों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी और अमेरिका सहित अन्य देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ाने में सफल होगी।

# वैश्विक व्यापारिक संबंधों में महत्वपूर्ण मोड़



टैरिफ नीति
डॉ. मोनिका राज
शोधार्थी, नव नालन्दा महाविहार

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा घोषित पारस्परिक टैरिफ नीति वैश्विक व्यापारिक संबंधों में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकती है। यह निर्णय विशेष रूप से उन देशों के खिलाफ लक्षित है जो अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च शुल्क लगाते हैं, जिनमें भारत भी शामिल है। ट्रंप प्रशासन का यह कदम भारत-अमेरिका व्यापारिक संबंधों के साथ-साथ वैश्विक व्यापार पर भी गहरा प्रभाव डालेगा। इस नीति के तहत यदि कोई देश अमेरिकी उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाता है, तो अमेरिका भी उनके निर्यात उत्पादों पर समान या अधिक शुल्क लगाएगा।

## व्यापारिक संबंध और असंतुलन

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध दशकों से मजबूत रहे हैं। भारत अमेरिका को 52.9 अरब डॉलर की वस्तुओं का निर्यात करता है, जबकि अमेरिका से भारत में 29.6 अरब डॉलर का आयात होता है। इस व्यापार असंतुलन के चलते अमेरिका को घाटा होता है, और ट्रंप प्रशासन इसे संतुलित करने के प्रयास में पारस्परिक टैरिफ लागू करने की नीति अपना रहा है। अमेरिका का कहना है कि भारत अमेरिकी ऑटोमोबाइल और अन्य वस्तुओं पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाता है, जो अनुचित है। ट्रंप प्रशासन की यह शिकायत केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि चीन, यूरोपीय संघ, ब्राजील, कनाडा, मैक्सिको जैसे अन्य देशों के खिलाफ भी इस तरह के आरोप लगाए गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए कहा है कि अब अमेरिका को भी ऐसे देशों के खिलाफ कड़े व्यापारिक कदम उठाने होंगे।

## भारतीय निर्यातकों को कठिनाई

अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने से भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। भारतीय अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा अमेरिकी बाजार पर निर्भर है, विशेष रूप से आईटी, फार्मास्युटिकल्स, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्रों में। यदि अमेरिका भारतीय उत्पादों पर उच्च शुल्क लगाता है, तो इन उद्योगों के लिए अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो जाएगा। भारतीय आईटी कंपनियां अमेरिका में बड़ी संख्या में सेवाएं प्रदान करती हैं। अमेरिका की बड़ी टेक कंपनियां भी भारतीय टैलेंट और आईटी सेवाओं पर निर्भर हैं। हालांकि, यदि अमेरिका व्यापार नीतियों को सख्त करता है और भारतीय आईटी कंपनियों पर अतिरिक्त टैक्स या शुल्क लगाता है, तो इससे भारत के आईटी क्षेत्र को झटका लग सकता है।

## कम होगी प्रतिस्पर्धात्मकता

भारत दुनिया के सबसे बड़े जेनेरिक दवा निर्यातकों में से एक है। अमेरिका भारतीय दवाओं का एक प्रमुख खरीदार है। यदि इस क्षेत्र पर टैरिफ बढ़ाया जाता है, तो भारतीय दवा कंपनियों की प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो सकती है और अमेरिकी दवा कंपनियों को इसका फायदा मिल सकता है। अमेरिका ने यह स्पष्ट किया है कि भारत अमेरिकी ऑटोमोबाइल पर 100 प्रतिशत से अधिक शुल्क



लगाता है। इस नीति के कारण अमेरिका भी भारतीय ऑटोमोबाइल और मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों पर भारी टैरिफ लगा सकता है, जिससे भारतीय कंपनियों की अमेरिकी बाजार में बिक्री कम हो सकती है। अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ नीति लागू करने से वैश्विक व्यापार पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। यह नीति केवल भारत ही नहीं, बल्कि चीन, यूरोपीय संघ, कनाडा, मैक्सिको और ब्राजील जैसे देशों को भी प्रभावित करेगी। अगर ये देश भी जवाबी कदम उठाते हैं, तो यह एक व्यापार युद्ध का रूप ले सकता है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। चीन और अमेरिका के बीच पहले से ही व्यापार युद्ध चल रहा है। अगर अमेरिका अपनी टैरिफ नीति को और सख्त करता है, तो चीन भी जवाबी कार्रवाई कर सकता है। इससे दुनिया भर में कच्चे माल और उत्पादों की कीमतें बढ़ सकती हैं, जिससे वैश्विक व्यापार अस्थिर हो सकता है। यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच भी व्यापारिक मतभेद हैं। यूरोप भी अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ लगाता है, और अगर अमेरिका यूरोपीय देशों के खिलाफ इस नीति को लागू करता है, तो व्यापारिक संबंधों में तनाव बढ़ सकता है। अगर विभिन्न देश एक-दूसरे के खिलाफ टैरिफ बढ़ाते हैं, तो यह वैश्विक व्यापार को धीमा कर सकता है और आर्थिक मंदी को बढ़ावा दे सकता है। 2008 की आर्थिक मंदी के बाद दुनिया की अर्थव्यवस्था पहले ही कई चुनौतियों का सामना कर रही है। ऐसे में यह व्यापार युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए एक और बड़ा झटका साबित हो सकता है।

## भारत क्या रणनीति अपनाए?

भारत को अमेरिका के इस कदम का जवाब सोच-समझकर और कूटनीतिक तरीके से देना होगा। कुछ संभावित रणनीतियों पर विचार किया जा सकता है। भारत को अमेरिका के साथ अपने व्यापारिक संबंधों को बनाए रखने के लिए कूटनीतिक स्तर पर बातचीत करनी चाहिए। उच्चस्तरीय बैठकों और व्यापारिक वार्ताओं के माध्यम से समाधान निकालने की जरूरत होगी। भारत को अपनी निर्यात नीति को विविधता प्रदान करनी होगी। वर्तमान में भारत का व्यापारिक ध्यान मुख्य रूप से अमेरिका और यूरोप पर केंद्रित है, लेकिन अफ्रीका, लैटिन अमेरिका और दक्षिण एशिया में भी नए व्यापारिक अवसर तलाशने होंगे। अगर अमेरिका भारतीय उत्पादों पर टैरिफ लगाता है, तो भारत को अपने घरेलू उद्योगों को मजबूत करने की जरूरत होगी।

## स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा दें

स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देना और नए बाजारों में विस्तार करना इस समस्या का एक समाधान हो सकता है। अमेरिका द्वारा पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा भारत और वैश्विक व्यापार पर व्यापक प्रभाव डाल सकती है। इससे भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है, और अमेरिका के साथ व्यापार घाटा कम करने की दिशा में भारत को नई रणनीति अपनानी होगी। इसके साथ ही, यह नीति वैश्विक व्यापारिक संबंधों में तनाव पैदा कर सकती है और अन्य देशों को भी अमेरिकी नीतियों के खिलाफ कदम उठाने के लिए प्रेरित कर सकती है। भारत को अपनी निर्यात रणनीति को मजबूत करने, नई तकनीकों को अपनाने और व्यापार विविधता लाने की दिशा में काम करना होगा, ताकि इस तरह के आर्थिक झटकों से बचा जा सके। इसके साथ ही, सरकार को अमेरिका के साथ संवाद बढ़ाकर व्यापारिक संबंधों को संतुलित बनाने की दिशा में प्रयास करने चाहिए। इस पूरी स्थिति में भारत को अपनी कूटनीतिक शक्ति और आर्थिक नीतियों को संतुलित करने की आवश्यकता होगी। यदि भारत सही रणनीति अपनाता है, तो वह इस संकट को अवसर में बदल सकता है और वैश्विक व्यापार में अपनी स्थिति को और मजबूत कर सकता है।



आवरण कथा

लोकमित्र गौतम


रंग का, उमंग का और तरंग का पर्व है होली। इसमें मस्ती और उल्लास के ऐसे रंग घुले होते हैं, जो हर तनाव, मतभेद, मनभेद को ही नहीं जीवन की नीरसता को भी दूर कर देते हैं। नई जीवंतता और ऊर्जा का संचार करने वाली होली हमें अपने बचपन की याद दिला देती है, फिर से उन सुनहरे पलों को जीने के लिए प्रेरित करती है। आइए, हम सब भी इस रंगोत्सव में खुशियों के रंगों से सराबोर हो जाएं।

# रंग-उमंग-तरंग के संग हो जाएं उल्लास में मगन

अपने देश भारत में मनाए जाने वाले अन्य त्योहारों की तरह होली महज एक त्योहार नहीं है, यह 'रंगों का उत्सव' है। आज की इस भाग-दौड़ भरी और तनावग्रस्त जिंदगी में होली का उल्लास हमें अपनी संस्कृति से मिले अनमोल वरदान की तरह है। होली का यह उल्लास किसी थेरेपी से कम नहीं। इसलिए होली का पर्व सिर्फ रंग खेलने का दिन नहीं बल्कि तनाव और चिंता से मुक्त होकर, जीवन में रंग भर लेने का इंद्रधनुषी अवसर है। यह दिन उल्लास में सराबोर हो जाने का दिन है।

## भूल जाएं तनाव-परेशानियां

आज के दौर में लगभग हर व्यक्ति काम के बोझ से दबा नजर आता है। रोजमर्रा की परेशानियों और संघर्ष में पिस रहा है। सोशल मीडिया के लगातार बढ़ते दखल से तनाव बढ़ रहा है। इन सब तनावों, बोझों और परेशानियों को पूरी तरह से झिड़क देने का मौका हमें होली का दिन प्रदान करता है। हमें इस मौके को गंवाना नहीं चाहिए। होली हमें हर साल यह मौका देती है कि कम से कम साल में एक दिन तो हम ये सब भूलकर सिर्फ और सिर्फ 'वर्तमान क्षण' में जी लें। हर तरह के बोझ से हल्के हो लें। हंसी-मजाक करें, दोस्तों के साथ अपने बचपन के दिनों में लौट जाएं। जितनी मस्ती हो सकती है, मस्ती करें। सारे गिले-शिकवे दूर करें, परिवार के साथ समय बिताएं।



## बतकही का मिलता है मौका

तन और मन की गांठों को खोलने या इन्हें पिघलाने का एक जरिया संवाद होता है। बिना सजग हुए, चुहल-मस्ती के अंदाज में किया गया संवाद। होली अपनों के बीच ऐसे ही बतकही करने का मौका देती है। ऐसी बतकही का इसलिए भी बहुत महत्व है, क्योंकि हमारी आज की जिंदगी में संवाद बहुत कम हो गया है। हम सब व्यस्त हैं, रिश्तों में औपचारिकता बढ़ गई है। होली एक ऐसा अवसर है, जब हम बिना झिझक एक-दूसरे से जो मन में उमड़ घुमड़ रहा हो, उसे कहें और जो हमें कहा जा रहा हो, उसे बिना किसी पूर्वाग्रह के सुनें। इससे हमारे शिथिल पड़े रिश्ते फिर से जीवंत हो जाते हैं।

## लौट आता है बचपन



होली की धमा-चौकड़ी हमें सुनहरे अतीत में ले जाती है। जब हम दुनिया की किसी भी फिक्र, किसी भी चिंता से मुक्त हुआ करते थे। सिर्फ खुशियां, खेल और मस्ती ही हमारे चारों तरफ फैली होती थीं। होली का रंग-बिरंगा, मस्ती से भरा अहसास हमें बचपन के उन सुहाने पलों में लौटा ले जाता है, जब हम बिना किसी परवाह के खुलकर खेलते थे। हर चीज में खुशी, हर स्थिति में सकारात्मकता ढूंढ़ लेते थे। तनाव, परेशानियां, चिंताएं स्वभाव का हिस्सा नहीं हुआ करती थीं। क्यों न होली के दिन हम एक बार फिर वैसे ही तनावमुक्त होकर मस्ती में डूब जाएं। जिम्मेदारियों की जकड़न को एक तरफ फेंक दें और रंगों की इंद्रधनुषी बारिश में बचपन की तरफ लौट जाएं। अपनों के संग खेलें, खाएं, पीएं, नाचें, गाएं, दोस्तों के साथ हंसी-ठट्ठा करें। जो मन आए बातें करें और खुद को पूरी तरह से रिचार्ज कर लें।

एक्सपर्ट कहते हैं कि रंगों का यह त्योहार हमें शारीरिक और मानसिक रूप से हल्का कर देता है। हम बोझ मुक्त हो जाते हैं। इसलिए होली को नेचुरल स्ट्रेस बस्टर भी कहते हैं। होली की धमाचौकड़ी हमारे शरीर में खुशियों के हार्मोन बढ़ाती है। हमारे शरीर से एंडोर्फिन और डोपामाइन जैसे हार्मोन रिलीज होते हैं।

## पिघल जाते हैं गिले-शिकवे

वैसे तो अपने देश के सभी पर्वों की यह खूबी है कि हम इनके बहाने दूसरों से अपने गिले-शिकवे दूर कर सकते हैं। लेकिन बाकी सभी त्योहारों में फिर भी कोई झिझक रह सकती है, लेकिन होली तो ऐसा पर्व ही है, जो सालों के मतभेद, मनभेद और चुप्पियों को तोड़ गले मिलने, साथ खिलखिलाने के लिए प्रेरित कर देता है। होली सालों पुरानी खटास को झटके में दूर कर देता है। होली के समूचे माहौल में एक बेफिक्री, एक मजकिया अहसास, जिंदगी को सरल तरीके से जीने की सीख और अभिमान को दूर कर हमारी झिझक को भी पूरी तरह से मिटा देती है। होली का पर्व गलतफहमियों को मिटा देने का पर्व है। जब हम रंगों से खेलते हैं, रंगों में डूबते हैं तो हमारे मन की तमाम कठोरताएं स्वतः ही मिट जाती हैं, पिघल जाती हैं। तन और मन का रेशा-रेशा इंद्रधनुषी हो जाता है। रिश्ते मिठास से भर जाते हैं।

## प्रकृति के उत्सव में हों शामिल

होली एक तरफ मनोवैज्ञानिक तो दूसरी तरफ बेहद कुदरती या कहें प्राकृतिक पर्व भी है। यह पर्व हमें प्रकृति के साथ गहरे तक घुलने, मिलने और गहरी आत्मीयतापूर्ण सामंजस्य बनाने की सीख देता है। वास्तव में होली का संबंध प्रकृति के श्रृंगार, बसंत से है। होली तब आती है, जब प्रकृति अपनी नई ऊर्जा और नए उत्साह से भरी होती है। हर तरफ बसंत के फूल खिले होते हैं। हवा में खुशबुएं मचल रही होती हैं। प्रकृति की यह खुशी हमें भी अपने रंग में रंग लेती है। हम नाराज या दुखी रह ही नहीं सकते। एक तरह से होली प्रकृति में होने वाली रंगों की बारिश है और हम इस बारिश में नहाकर खुशियों और उम्मीदों से जगमगा उठते हैं। इसलिए होली हमारी कायाकल्प का पर्व है। आइए, इस पर्व में डूबकर हम खुद को ही नहीं अपनों-परायों सबको खुशियों और उम्मीदों के रंग से रंग दें। *

## बहुत कुछ कहता है हर रंग

**रंगों का** बहुत सकारात्मक मनोविज्ञान होता है। रंग हमारी भावनाओं को बहुत गहरे तक छूते हैं। रंगों के अपने अर्थ, अपने प्रतीक, अपने अहसास होते हैं। गुलाबी रंग प्रेम का अहसास दिलाता है। हरा रंग हमें तन और मन से ऊर्जावान करता है। पीला रंग हमें खुशियों से सराबोर कर देता है। नीला रंग हमें असीम शांति देता है। होली के मौके पर जब हम इन रंगों में सराबोर होते हैं, तो हमारा तन और मन खुशियों से छलकने लगता है। हम परिपूर्णता के अहसास से भर जाते हैं। हमारे पोर-पोर से जीवन की संतुष्टि झरने लगती है। हम ज्यादा सकारात्मक हो जाते हैं।

होली पर रंगों से खेलना, एक-दूसरे को रंग लगाने के निहितार्थ बहुत गहन हैं। इसे समझ लें तो हमारा जीवन केवल मस्ती के रंग से ही नहीं प्रेम, ईमान, अध्यात्म और समावेशिता के रंगों से रंग जाएगा। जीवन को एक नई रंगीनियत मिलेगी, एक नई दृष्टि विकसित होगी।



# हर रंग से सजा रहे जीवन

आत्मप्रेरणा

कुमार राधारमण

यह दुनिया रंग-बिरंगी है। कितने ही रंग हमारे चारों ओर बिखरे पड़े हैं। तमाम तरह के रंग हैं, तभी दुनिया रहने लायक है। इन रंगों में ही जीवन की सुंदरता है। ये रंग सीख भी देते हैं, उम्मीदों का दीया भी बनते हैं। रंग अपनी भावनाओं को, खुशियों को प्रकट करने का माध्यम होते हैं। यह अवसर हमारे पास न होता, तो यह दुनिया बेरंग होती। जीवन के इन विविध रंगों में ही मनुष्य के विकास का इतिहास छिपा है।

**मस्ती का रंग:** प्रख्यात कवि आर.सी. प्रसाद सिंह ने कहा है, 'यह जीवन क्या है, निर्झर है/मस्ती ही इसका पानी है।' सच इसमें धूप-छांव संग-संग हैं, फर्क केवल मात्रा का है। सुख के क्षण में दुख का अनुपात कम होता है और दुख के क्षण में सुख का अनुपात कम। दोनों में से कुछ भी स्थायी नहीं है। इसलिए आप निर्विकार, निष्काम भाव से, सहजता से, मस्ती के साथ कर्म करते रहिए। मस्ती बड़ी-बड़ी परेशानियों का हल है। प्रकृति भी हंसते-मुस्कुराते चेहरे देखना चाहती है। मस्त आदमी जहां रहेगा, वहीं रंग जमा देगा। अभी-अभी संपन्न महाकुंभ में आपने न जाने कितने रंग मस्ती के देखे होंगे। मस्ती एक आध्यात्मिक अवस्था है। मस्ती ही पैमाना है कि आप भीतर से सुखी हैं या नहीं। इसी मस्ती के क्षणिक अनुभव को पर्व के रूप में हम होली में महसूस करते हैं।



**ईमान का रंग:** यह सच है कि आज, हमने धन और पद को ही सफलता मान लिया है। जरूरतें थोड़ी सी हैं, लेकिन हर आदमी अधिक से अधिक धन समेट लेना चाहता है। बहुधा इसके लिए हम छल-कपट, बेईमानी का सहारा भी लेते हैं। ईमानदार होने का मतलब गरीब होना नहीं है। ईमानदारी से भी सुखपूर्वक जीना बिल्कुल संभव है। बशर्ते हम सुख की परिभाषा ठीक से समझ लें। सिद्धांतहीन व्यक्ति गिरगिट की तरह रंग बदलता है। ध्यान रहे, प्रकृति में हमारे कर्म ही नहीं, विचार भी दर्ज होते हैं। इसलिए तमाम धर्मग्रंथ मन, वचन, कर्म तीनों की शुचिता पर बल देते हैं। और, जब आप सफल हों, तब भी रंग न बदलें, सिर पर सफलता का रंग न चढ़ने दें। रंगा सियार होना अच्छी बात नहीं। बन सकें, तो किसी के जीवन का रंग बनें।

**अनुभव का रंग:** हर अनुभव स्वयं हासिल करने के लिए यह जीवन छोटा है। इसलिए, दूसरों के अनुभव से यदि आप सीखने की प्रवृत्ति रखें तो तेजी से आगे बढ़ पाएंगे। आपा-धापी भरी इस जिंदगी में कुछ पल बुजुर्गों के साथ, अपने से अधिक अनुभवी लोगों के साथ बिताना अच्छा है। जरूरी नहीं कि उनके पास हमारे मौजूदा रोजगार के मामले में कोई ढंग का सुझाव हो, लेकिन उनके पास हमारे समग्र जीवन के लिए निश्चय ही बहुत कुछ होता है। हमारी नौकरी भी हमारे जीवन का ही हिस्सा है। बढ़ती उम्र के साथ शारीरिक क्षमता तो घटती है, लेकिन व्यक्ति का अनुभव बढ़ता जाता है। उनके बताए गुर से हमारा समय बचता है, हमारा रंग तेजी से निखरता है और यह हमें अपने समकक्ष से आगे रखने में मददगार बन सकता है।

**समावेशिता का रंग:** यह दुनिया केवल हमारे लिए नहीं है। इसमें सबके लिए जगह है। दुनिया हमसे पहले भी थी, हमारे बाद भी होगी। यहां हम किसी निश्चित भूमिका मात्र के लिए हैं और आज हमारा जो संसार है, एक समय के बाद वह छूट ही जाना है। जो इसे समझ लेता है, उसके रंग में कभी भंग नहीं पड़ता। उसके मन में हर प्राणी के प्रति करुणा का भाव होता है और वह उसे उसकी मौलिकता में ही स्वीकार कर लेता है। दूसरों के प्रति स्वीकार भाव से सामने वाला भी बेहतर बनने का प्रयास करता है। दूसरों पर हावी होने की प्रवृत्ति छोड़ने से अपनी श्रेष्ठता का दंभ भी मिटता जाता है। जिसका दंभ मिट गया हो, वही होली खेल सकता है। होली के गीतों का सामूहिक गान समावेशिता की भावना को ही दर्शाता है।

**प्रेम के रंग:** होली के गीतों में राधा-कृष्ण के प्रेम की चर्चा आम है। रंग ऊर्जा है और प्रेम जीवन का सार है, जीवन का उत्कर्ष है। इसके बगैर हमारी सारी उपलब्धियां बेरंग हैं। प्रेम का रंग ही सबसे महत्वपूर्ण है और सभी धर्मग्रंथों का सार भी। जो सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है, उसी के लिए खुद को तैयार करें। चैतन्य, दयालु, परोपकारी, मैत्रीपूर्ण और जागरूक बनें। व्यर्थ के विवादों से बचें ताकि आपके भीतर उत्सवधर्मिता, गर्मजोशी, उत्साह और रोमांच के लिए स्थान उपलब्ध हो सके। कामुकता, ईर्ष्या और हठ का स्थान शांति, पवित्रता, कोमलता रचनात्मकता, भावुकता, आशावादिता, क्षमाभाव और स्वतंत्रता को लेने दें। प्रेम, विवेक, सद्भाव, सहानुभूति, समभाव, साहस, स्पष्टता और मानसिक शक्ति को विकसित होने दें।

**अध्यात्म के रंग:** रंग स्फूर्ति का प्रतीक है। होली ऊर्जा प्रकटीकरण का पर्व है। इससे अधिक स्फूर्ति किसी अन्य त्योहार में नहीं दिखती। इसलिए, कृष्ण भी होली खेलते हैं। होली में उल्लास है, उत्सवधर्मिता है। होली में प्रेम और विरह के रंग एकसाथ समाहित हैं। होली तो त्योहार ही रंगों का है। यह नएपन का त्योहार है। होली की स्मृति से ही हम उमंग से भर जाते हैं, हमारे चेहरे पर मुस्कान-सी खिल जाती है। हताशा और कुंठा की होलिका जल जाने दें। होली युवा होने का बोध है और इस बात का प्रतीक भी कि जीवन हंसते-खेलते बीतना चाहिए। यह रहस्य बड़े से बड़े रहस्यों से भी बड़ा है। जो इसे जानता है, वास्तविक अर्थों में वही जागरूक है, वही आत्मज्ञानी है। होली में गाया जाने वाला जोगिरा शब्द योगी से बना है। बनारस में इसे कबीरा भी कहते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर अरुंधति मिश्रा स्पष्ट करती हैं, 'जोगिरा में प्रेमिका ईश्वर है और प्रेमी साधारण मनुष्य। मनुष्य ईश्वर को पाना चाहता है और होली उसका माध्यम है।'

तो होली को केवल बाहरी रंगों से ही नहीं आत्मबोध और आत्मपरिवर्तन के रंगों से भी खेलें, तभी इस पर्व की सार्थकता है। *

गीत


डॉ. ओम निश्चल

## फागुन के रंग सहेज लो!



जीवन में रंग अनेक हैं
जीवन के रंग सहेज लो
आज तुम उदास मत रहो
उत्सव के रंग सहेज लो।
माना यह कठिन वक्त है
जीने की सजा सख्त है
सांसों की डोर है अभी
एक नई भोर है अभी
लो फिर से हाथ बढ़ाओ
अपना सूरज सहेज लो।
आज तुम उदास मत रहो
उत्सव के रंग सहेज लो।
घर-बाहर फाग मचा है
रंगों का रास रचा है
देता मौसम गवाहियां
मन में विश्वास बचा है
सुख के ये पल सहेज लो
खुशियों के रंग सहेज लो,
अनभीगे आज मत रहो
फागुन के रंग सहेज लो।
मंद-मंद हवा बह रही
पर पते की बात कह रही
तुम भी ऐसे बहो सदा
जैसे मैं मस्त बह रही
कुछ भीगे पल सहेज लो,
मौसम का मन सहेज लो
चढ़ने दो फागुनी सुरूर
कुदरत के रंग सहेज लो।

# रंगों की छुअन!



लघुकथा

यशोधरा भटनागर

पलाश अपने पूरे शबाब पर है। रंगों का सुरूर चारों ओर छाया हुआ है। मानो प्रकृति भी रंगोत्सव की मस्ती में डूबी हुई है। पर एक कोना रंगों की रंगीनियत से शायद पूरी तरह अछूता, जहां अंदर-बाहर सिर्फ अंधकार ही अंधकार, रंगों से दूर।

मैंने उद्वेलित हृदय में उमड़ती-घुमड़ती भावनाओं के साथ दृष्टिहीन कन्याओं के छात्रावास में कदम रखा।

आश्चर्य संग एक सुखद अनुभूति! रंगों से सजा खिलखिलाहटों से गुंजित छात्रावास का प्रांगण! एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली के रंग में रंगी छात्राएं!

'मैडम जी, आप रंग से बच न पाओगी।'

शायद वो मेरे आने की आहट पा गई थीं। जैसे ही मैं उनके समीप पहुंची, उन्होंने मुझे घेर लिया।

'होली है ..! होली है ...!'

और नरम-गुलाबी हाथों ने वातावरण को गुलाबी-गुलाबी कर दिया। मैं रंगों से सराबोर थी। पर अंतःसिंधु में ऊंची-ऊंची हिलोरें लेते प्रश्न फिर सिर उठाने लगे, जिनकी पूरी दुनिया ही ब्लैक है वो बच्चियां!

'बेटा! आप लोग तो होली के रंगों में रंग गईं... आपको रंग...'

रुकते-चलते, कुछ गले में फंसते शब्दों में मेरी बात पूरी भी न हो पाई कि चुलबुली-सी दिखने वाली बारह-तेरह बरस की बच्ची का कोयल से मधुर स्वर मेरे हृदय के भीतर प्रविष्ट हो गया, 'मैडम जी हमने रंगों को देखा तो नहीं किंतु रंगों को छुआ है! और रंगों ने हमको!!'

चारों ओर झरती खुशी की फुहारों की रिमझिम में मन भीग गया।

'रंग बरसे भीगे चुनर वाली रंग बरसे...' गीत पर नाचती रंगों से रंगी उन बच्चियों के साथ नाचते-झूमते हुए मैं भी रंगों की उस छुअन को अनुभव कर रही थी। *

रंगीली चुटकी

उमाशंकर दूबे 'मनमौजी'

## काला चोर

नेता वोटर से कहे, मुझको देना वोट।
वोटर गण कहने लगे, नेता तुझमें खोट।।
नेता तुझमें खोट, नहीं हम तुझे चुनेंगे।
वोट भले ही किसी 'काला चोर' को देंगे।।
कह 'मनमौजी' हाथ जोड़ नेता फरमाया।
यही बताने सुनो यहां पर मैं हूं आया।।

मंत्री था तब ऐंठ ली, धन-संपत्ति अपार।
कालाधन स्विस-बैंक में, चोरी से हर बार।।
चोरी से हर बार, रखा मैं उसी छोर हूं।
कालाधन चोरी से रखा 'काला चोर' हूं।।
कह 'मनमौजी' हे वोटरगण यह सुन लेना।
मैं हूं 'काला चोर' वोट मुझको ही देना।।



रंगबाज दोहे

सूर्यकुमार पांडेय

## इंटरनेट पर होली का त्योहार



क्या सावन, क्या चैत अब, फागुन बारह मास।
छोरा-छोरी चैट पर, करें प्रणय-अभ्यास।।
मिलन, गेट पर अब कहां, समय बना दीवार।
इंटरनेट पर मन रहा, होली का त्योहार।।
केलि हेतु अब कल कहां, सकल वर्जना फेल।
मेल और फीमेल पर, भारी है ई-मेल।।
रंग पुते जब गाल पर, दर्पण गया लजाय।
गोरी सेल्फी ले रही, देखे और मुसकाय।।
सखि ब्यूटी पार्लर गई, दौड़ा नया करंट।
जितना तन पर डेंट था, उससे ज्यादा पेंट।।
इत्ता-सा वैक्यूम है, बित्ता भर कंज्यूम।
छः क्यूबिक वॉल्यूम पर, सात किलो परफ्यूम।।
शेयर गिरा सेंसेक्स संग, कीमत गिरे न संग।
और चटख अब हो रहा, महंगाई का रंग।।
कनक छरी-सी कामिनी, वेट गेन से ग्रस्त।
फास्ट फूड खाकर हुई, तन्वंगी कटि ध्वस्त।।
तब के, अब के ब्याह का, ऐसा बदला टेस्ट।
तब के मौलिक पोस्ट थे, अब वाले कट पेस्ट।।
वर की लर्निंग फेलियर, मगर खड़ा मुंह बाय।
घर भर्निंग चहिए बहू, अर्निंग कर लइ आय।।
बस्ती में कश्ती चली, हंसती-फंसती रोड।
मस्ती अब अपलोड है, पस्ती डाउनलोड।।


## खबर संक्षेप

### ज्वेरेव को दूसरे दौर में मिली हार



**इंडियन वेल्स।** नीदरलैंड के टालोन ग्रीकस्पूर ने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को बीएनपी परीबस ओपन के दूसरे दौर में 4-6, 7-6 (5), 7-6 (4) से हरा दिया। इससे आठ दिन पहले ज्वेरेव को अमेरिका की लीर्नर टियेन ने मैक्सिको में 6-3, 6-4 से मात दी थी। ग्रीकस्पूर का सामना अब जियोवान्नी एमपेत्शी से होगा।

### भारत प्रबल दावेदार न्यूजीलैंड भी मजबूत



**दुबई।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में भारत को प्रबल दावेदार बताया है लेकिन कहा कि फायदा ज्यादा नहीं होगा क्योंकि न्यूजीलैंड काफी मजबूत टीम है। भारतीय टीम ने अपने सारे मैच दुबई में खेले और सभी जीतकर फाइनल में पहुंची है। सेमीफाइनल में भारत ने आस्ट्रेलिया को हराया था। न्यूजीलैंड टीम ग्रुप ए में भारत के बाद दूसरे स्थान पर रही थी जिसे भारत ने लीग चरण में हराया था। न्यूजीलैंड ने लाहौर में सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को मात दी।

### ग्रुप चरण में मिली हार से बहुत कुछ सीखा



**दुबई।** भारत के हाथों ग्रुप चरण में मिली हार से अविचलित न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज विल यंग को उम्मीद है कि उनकी टीम रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में रोहित शर्मा की टीम की कमजोरियों का फायदा उठा सकेगी। यंग ने डेवोन कोंवे और रचिन रविंद्र के साथ टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड को अच्छी शुरुआत दी है। उन्होंने कहा, 'हम ग्रुप चरण की हार से काफी कुछ सीखे हैं। खासकर एक बल्लेबाज के तौर पर मैने, लेकिन गेंदबाजों ने भी भारतीय बल्लेबाजों को और उनके खेलने के तरीके को देखा।'

### भारतीय निशानेबाजी लीग 24 नवंबर से



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने बताया कि पहली भारतीय निशानेबाजी लीग (एसएलआई) को खेल की वैश्विक नियामक संस्था से 'विंडो' मिल गई है और यह टूर्नामेंट अब 24 नवंबर से सात दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। एनआरएआई अध्यक्ष कलिकेश नारायण सिंह देव ने इस फ्रेंचाइजी आधारित लीग का प्रस्ताव रखा था और पूर्व के कार्यक्रम के अनुसार इसका आयोजन मार्च में होना था। एनआरएआई ने राष्ट्रीय महासंघ के शासी निकाय से अनुमोदन प्राप्त करने के बाद पिछले साल नवंबर में एसएलआई की मेजबानी करने के अपने इरादे की घोषणा की थी।

# जिसकी फिरकी में दम, वो बनेगा चैंपियन... भारत के पास 12 साल बाद चैंपियंस खिताब जीतने का मौका

## चार-चार स्पिनर्स की रणनीति के साथ उतरेंगी भारत और न्यजीलैंड की टीमें

एजेंसी ⏭ दुबई

अब तक अपने प्रत.द्विंद्वियों और आलोचकों को हाशिए पर रखने में कामयाब रही भारतीय टीम को 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के लिए न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम से तो रविवार को फाइनल में पार पाना ही होगा। साथ ही विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों को लेकर जज्बाती होने से भी बचना होगा। दोनों टीमें चार-चार स्पिनर्स उतारने की रणनीति बना रहे हैं। भारत के लिए न्यूजीलैंड हमेशा कठिन चुनौती साबित हुआ है और आईसीसी टूर्नामेंटों में न्यूजीलैंड का उसके खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 10-6 का है। न्यूजीलैंड ने आईसीसी नॉकआउट चरण में भारत के खिलाफ चार में से तीन मुकाबले जीते हैं ।

- चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले का प्रसारण दोपहर 2.30 बजे

क्रिकेट जगत का एक तबका सारे मैच दुबई में खेलने का अनुचित फायदा उठाने के लिए भारत की लगातार आलोचना कर रहा है। लेकिन अब इस तर्क में दम नहीं लगता क्योंकि न्यूजीलैंड टीम भी यहां खेल चुकी है। भारतीय टीम का आत्मविश्वास इसलिए भी बढ़ा हुआ है क्योंकि उसकी स्पिन चौकड़ी दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सपाट पिच पर काफी कामयाब रही है। ऐसा लगता है कि भारतीय टीम चार स्पिनरों और दो तेज गेंदबाजों का संयोजन लेकर ही उतरेगी।



### रोहित की कप्तानी में लगातार चौथा फाइनल

रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में लगातार चौथा फाइनल खेलेगी। रोहित टी-20 वर्ल्ड कप के रूप में एक ही खिताब जिता सके, उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप और वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में हार मिली। टीम इंडिया लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। टीम ने 2013 में खिताब जीता, लेकिन 2017 में पाकिस्तान के खिलाफ हार मिली। अब रोहित की कप्तानी में टीम के पास 12 साल बाद इस आईसीसी खिताब को जीतने का मौका है।

### जियो हॉटस्टार पर देखें मैच

भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे शुरू होगा। टॉस 2 बजे होगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल स्पोर्ट्स 18 नेटवर्क, स्टार स्पोर्ट्स हिंन्दी पर प्रसारण होगा। फैंस डीडी स्पोर्ट्स पर फ्री में मैच का लुत्फ उठा सकते हैं। मोबाइल पर जियो हॉटस्टार एप पर देख सकते हैं।

### वरुण देव का चलेगा चक्र

दाहिने हाथ के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव ने विरोधी बल्लेबाजों को पूरे टूर्नामेंट में परेशान रखा है। रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल ने भारतीय गेंदबाजी आक्रमण को मजबूती दी है। उनकी सटीकता ने बल्लेबाजों को गैर जिम्मेदाराना शॉट्स खेलने के लिए मजबूर किया। अगर फाइनल उसी पिच पर खेला जाता है जहां भारत और पाकिस्तान का मैच हुआ था तो ये चारों गेंदबाज फिरकी के जाल में कीवी टीम को बुरी तरह फांस सकते हैं।

### फिरकी चौकड़ी पर कीवियों को भरोसा

न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी उम्मीद केन विलियमसन और रचिन रविंद्र होंगे जो स्पिन को खेलने में महारत रखते हैं। न्यूजीलैंड के पास भी कप्तान मिचेल सेंटनेर, माइकल ब्रेसवेल, रविंद्र और ग्लेन फिलिप्स के रूप में धुरंधर स्पिनरों की चौकड़ी है जो उनके लिए यही काम कर सकती है। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने भारत को काफी परेशान किया था और एक बार फिर वे 2000 के बाद पहली बार आईसीसी वनडे खिताब जीतने की कोशिश में उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। पच्चीस साल पहले नैरोबी में न्यूजीलैंड ने फाइनल में भारत को हराकर नॉकआउट टूर्नामेंट जीता था।

#### टीमें इस प्रकार है:

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल , विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ऋषभ पंत, रविंद्र जड़ेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**न्यूजीलैंड** : मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लैथम, डेरिल मिशेल, विल ओ'रूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी।

# जीत के साथ मास्टर्स लीग के सेमीफाइनल में पहुंची इंडिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग का अंतिम चरण शानदार तरीके से शुरू हुआ, जिसमें स्टुअर्ट बिन्नी के तीन विकेट और इरफान पठान के शानदार अंतिम ओवर की मदद से इंडिया मास्टर्स ने शनिवार को एक हाई स्कोरिंग थ्रिलर मैच में वेस्टइंडीज मास्टर्स पर सात रन से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ इंडिया मास्टर्स सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

पहले बैटिंग करते हुए इंडिया मास्टर्स ने अंबाती रायडू 63, सौरभ तिवारी 60, युवराज सिंह 49 नाबाद और गुरकीरत सिंह मान के 46 रनों की बदौलत तीन विकेट पर ने 253 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज मास्टर्स ड्वेन स्मिथ 79, विलियम पर्किन्स 52, लेंडल सिमंस 38 की शानदार पारी के बावजूद 6 विकेट पर 246 रन ही बना सके। बहरहाल आईएमएल में क्रिकेट की सबसे प्रतिष्ठित प्रतिद्वंद्विता में से एक सचिन तेंदुलकर बनाम ब्रायन लारा को फिर से देखने की तैयारी थी। हालांकि भारतीय दिग्गज बाहर बैठे रहे, लेकिन इसके बावजूद मैच ने अपनी अलग ही तरह की पुरानी यादें और रोमांच पैदा कर दिया। इंडिया मास्टर्स ने अंबाती रायडू और सौरभ तिवारी के विस्फोटक अर्धशतकों और फिर युवराज सिंह ने आखिरी क्षणों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज मास्टर्स के खिलाफ अपनी टीम को 253/3 का मजबूत स्कोर खड़ा किया।

### सचिन के नहीं खेलने से दर्शक निराश



# महिला दिवस पर राजस्थान ने लांच की 'पिंक प्रॉमिस' जर्सी

एजेंसी ⏭ जयपुर

राजस्थान रॉयल्स ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आगामी इंडियन प्रीमियर लीग में एक मई को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाले मुकाबले के लिए 'पिंक प्रॉमिस' जर्सी लांच की।

राजस्थान रॉयल्स फाउंडेशन ने महिलाओं के नेतृत्व वाली पहल को बढ़ावा देने के लिए 'औरत है तो भारत है' नामक अभियान फिल्म लॉन्च की।

राजस्थान रॉयल्स की टीम राजस्थान में महिलाओं के नेतृत्व वाले ग्रामीण परिवर्तन के लिए मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के लिए खरीदे गए प्रत्येक टिकट के लिए 100 रुपए का योगदान भी करेंगे। इसके अलावा इस विशेष 'ऑल-पिंक रॉयल्स जर्सी' की बिक्री से होने वाली राशि सीधे आरआरएफ को इसके सामाजिक प्रभाव पहल का समर्थन करने के लिए जाएगी। किसी भी टीम द्वारा मैच में हर छक्के के लिए राजस्थान रॉयल्स और आरआरएफ सांभर क्षेत्र में छह घरों को सौर ऊर्जा से रोशन करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे।





### अरविंद प्राग मास्टर्स में बने चैंपियन दूसरे स्थान पर रहे आर प्रज्ञानानंदा

**प्राग।** ग्रैंडमास्टर अरविंद चितंबरम ने प्राग मास्टर्स टूर्नामेंट में अपने कॅरियर का पहला बड़ा खिताब जीता जिससे शतरंज में भारत का दबदबा जारी रहा। अरविंद ने हमवतन आर प्रज्ञानानंदा सहित कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर यह खिताब जीता। 25 वर्षीय अरविंद ने नौवें और अंतिम दौर में तुर्कीए के गुरेल एडिज के साथ ड्रा खेलकर छह अंक हासिल किए।

विश्व के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रज्ञानानंदा नीदरलैंड के अनीश गिरी से हारकर पांच अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। तमिलनाडु के अरविंद ने टूर्नामेंट में तीन जीत और छह ड्रा के बाद संभावित नौ में से छह अंक हासिल किए। प्रज्ञानानंदा ने गिरी और चीन के शीर्ष वरीय वेई यी के साथ पांच अंक हासिल कर अपने अभियान का समापन किया। रविंद ने कहा, 'मैं पिछले दो दिन ठीक से सो नहीं पाया हूं। सातवें राउंड तक पूरी तरह से ठीक था और फिर मुझे यह बढ़त मिल गई जिससे दबाव था।' उन्होंने ने अपने गुरु और कोच ग्रैंडमास्टर आर बी रमेश की भी प्रशंसा की और अनीश गिरी के खिलाफ अपने मैच को टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास बताया। भारत की दिव्या देशमुख ने चैलेंजर्स वर्ग में यूनान की स्टैमाटिस कौरकुलस-अर्डिटिस के खिलाफ अपनी अंतिम दौर की बाजी जीत ली।

### प्रणव ने जीती विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** भारत के प्रणव वेंकटेश ने मोंटेनेग्रो के पेट्रोवाक में 11वें और अंतिम दौर में स्लोवेनिया के मैटिक लेवरेंसिक के खिलाफ ड्रॉ खेलकर विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप (अंडर-20) जीत ली।

भारतीय शतरंज के लिए यह एक शानदार दिन रहा क्योंकि अरविंद चितंबरम ने कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़कर प्राग मास्टर्स जीत लिया। पिछले साल चेन्नई इंटरनेशनल में चैलेंजर्स वर्ग जीतने वाले वेंकटेश ने दुनिया के जूनियर खिलाड़ियों के बीच अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पूरे टूर्नामेंट के दौरान अपराजित रहे। भारतीय खिलाड़ी ने कुल सात जीत और चार ड्रॉ के साथ संभावित 11 में से नौ अंक हासिल किए।

# भारत ने जीती बधिर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने शनिवार को यहां करनैल सिंह स्टेडियम में खेले गए फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को सात विकेट से हराकर बधिर टी20 त्रिकोणीय श्रृंखला जीत ली। इस टूर्नामेंट का आयोजन भारतीय बधिर क्रिकेट संघ ने किया था जिसमें दक्षिण अफ्रीका भाग लेने वाली तीसरी टीम थी। भारत के कुलदीप सिंह ने फाइनल में पांच विकेट लिए जिसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इसके अलावा उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज और टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया। भारत के ही अभिषेक सिंह को श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया। टूर्नामेंट के लिए भारतीय बधिर क्रिकेट टीम का नेतृत्व वीरेंद्र सिंह ने किया।




आईडीसीए के अध्यक्ष सुमित जैन ने कहा, 'इस चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की ऊर्जा से पता चलता है कि विश्व में बधिर खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट को बढ़ावा देना कितना जरूरी है। इस त्रिकोणीय श्रृंखला के प्रति दिलचस्पी से बधिर क्रिकेट का भविष्य उज्जवल नजर आता है।

इस होली को बनाएं खास और यादगार...

एमएम फन सिटी में रंग गुलाल और मौज मस्ती के साथ मनाएं होली 14 मार्च को



होली का त्योहार जीवन में बहुत सारी खुशियां और रंग भरता है, होली के चटक रंग ऊर्जा, जीवंतता और आनंद के सूचक हैं। यह रंगबिरंगा पर्व सभी के लिए खासकर बच्चों के लिए ढेर सारी मौज-मस्ती का अवसर लेकर आता है। इस दिन सुबह से लेकर शाम तक पूरा दिन आनंद और प्रसन्नता से भरा रहता है, सभी एक दूसरे को रंग-बिरंगे गुलाल लगाते हैं, एक-दूसरे पर पानी की पिचकारी चलाते हैं, पानी भरे गुब्बारे मारते हैं, यह बहुत सारे रंग, पानी की फुहारें और गुब्बारों के संग इस दिन को और रंगीन कर देता है।

यही वजह है कि इस लोकप्रिय पर्व को और खास बनाने 'एमएम फन सिटी' में खास तैयारियां की गई हैं यानी एमएम फन सिटी में होली पर होगी रंगों के साथ मस्ती। आप, आपके मित्र और आपका पूरा परिवार होली फेस्ट का उठाएंगे जमकर पूरा लुत्फ। गोढ़ी, बकतरा रोड स्थित वॉटर पार्क में लोग अपने परिवार व दोस्तों के साथ रंग-गुलाल के साथ जमकर होली खेल सकेंगे। साथ ही फन वॉटर स्लाइडर, फैमिली पूल, वेव पूल, डीजे विथ रैन डांस, किड्स जोन और टेस्टी फूड का लुत्फ उठा सकेंगे। एमएम फन सिटी के राजेश थौरानी ने बताया कि यहां आने वालों के लिए स्पेशल पैकेज प्लान किए गए हैं। रंग-गुलाल-वॉटर पार्क में ही उपलब्ध करवाया जाएगा।

फूड पैकेड में वेज-नॉनवेज में वेराइटी मिलेगी। इसमें इंडियन, चायनीज व कॉन्टीनेंटल फूड शामिल है। त्योहार की वजह से वॉटर पार्क सुबह 10 बजे से ही खोल दिया जाएगा। लोग दिनभर फेस्टिवल को एन्जॉय कर सकेंगे।








# अब भारत के रूस से हथियार खरीदने पर भी अमेरिका को आपत्ति

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

टैरिफ को लेकर अमेरिका का कई देशों से विवाद चल रहा है। डोनाल्ड ट्रंप रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने पर अड़े हुए हैं। इसके चलते कई देशों से संबंधों में खटास आई है। उन्होंने भारत के साथ भी खुलकर टैरिफ को लेकर नाराजगी व्यक्त की है। अब ट्रंप सरकार के एक मंत्री ने भारत द्वारा रूस से हथियार खरीदने पर भी आपत्ति जता दी है।

अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने भारत से रूसी सैन्य हथियारों पर अपनी निर्भरता समाप्त करने को कहा है और तर्क दिया है कि ऐसा कदम भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए जरूरी है। एक न्यूज चैनल से बातचीत में लुटनिक ने कहा, 'भारत ने ऐतिहासिक रूप से रूस से अपने सैन्य उपकरणों की काफी अधिक मात्रा खरीदी है और हमें लगता है कि यह ऐसी चीज है जिसे खत्म करने की जरूरत है।' बता दें, रूस से हथियारों को खरीदना अमेरिका को काफी समय से पसंद नहीं आ रहा है। ट्रंप ने इस साल की शुरुआत में पीएम मोदी से फोन पर बातचीत के दौरान भी इस मुद्दे को उठाया था। इसके बाद जब पीएम वॉशिंगटन दौरे पर गए, तब भी यह मुद्दा उठा था। ट्रंप ने भारत को फाइटर जेट एफ-35 भी खरीदने का ऑफर दिया है।

**ट्रंप के मंत्री बना रहे दबाव 'निर्भरता' समाप्त करने कहा**

**ब्रिक्स में भारत की मौजूदगी पर भी उठाए सवाल**



### अमेरिका बेचना चाहता है मॉर्डर हथियार

उल्लेखनीय है कि भारत और रूस की दोस्ती दशकों पुरानी है और भारत पेट्रोलियम के साथ-साथ हथियारों की भी खरीद करता रहता है। लुटनिक ने कहा कि अमेरिका विकल्प के तौर पर मॉर्डर हथियार भारत को देने के लिए तैयार है। इससे साफ है कि अमेरिका चाहता है कि भारत रूस के बजाए उससे हथियार खरीदे।

### 'संबंधों को कमजोर करता है ब्रिक्स'

इतना ही नहीं, ब्रिक्स में भारत की मौजूदगी पर भी अमेरिकी मंत्री ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि ब्रिक्स डॉलर के विकल्प के रूप में वैश्विक मुद्रा बनाने की कोशिश कर रहा है। इसी ब्रिक्स में भारत है। यह अमेरिका-भारत संबंधों को कमजोर करता है। उन्होंने कहा, 'इस तरह की चीजें प्यार और स्नेह पैदा नहीं करती हैं। हम चाहते हैं कि ये चीजें खत्म हो जाएं। हम चाहते हैं कि व्यापार अधिक निष्पक्ष हो।'

### भारत हम पर बहुत ज्यादा शुल्क लगाता है

ट्रंप ने शुक्रवार को ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक कार्यालय) से दिए बयान में कहा, 'आर्थिक, वित्तीय और व्यापारिक दृष्टिकोण से हमारे देश को दुनिया के लगभग हर देश ने पूरी तरह से ठगा है।' उन्होंने कहा, 'कनाडा, मेक्सिको और फिर आप सीधे लाइन में चले जाइए। भारत हम पर बहुत ज्यादा शुल्क लगाता है, बहुत ज्यादा। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। यह लगभग, यह लगभग प्रतिबंधात्मक है। यह प्रतिबंधात्मक है। हम अंदर बहुत कम व्यापार करते हैं।' इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत अपने शुल्क में 'पर्याप्त' कटौती करने के लिए सहमत हो गया है, क्योंकि भारत अमेरिका पर बहुत अधिक शुल्क लगाता है, जिससे वहां उत्पाद बेचना मुश्किल हो जाता है। हालांकि, भारत सरकार की ओर से अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की गई है।

## खबर संक्षेप

### हिजबुल मुजाहिदीन का ईनामी आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश पुलिस की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन का फरार सक्रिय सदस्य गिरफ्तार कर लिया है।



आतंकी 25 हजार का ईनामी है और कश्मीर के पूंछ जिले के रहने वाला है। एटीएस ने बताया कि आतंकी का नाम उल्फत हुसैन उर्फ मोहम्मद सैफुलस्लाम उर्फ अफजाल उर्फ हुसैन मलिक है। यूपी एटीएस ने बताया कि हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया है। ये साल 2002 से फरार चल रहा था। उल्फत हुसैन ने हिजबुल मुजाहिदीन के पाक अधिकृत कश्मीर में स्थित सेंटर में ट्रेनिंग ली थी, उसके बाद वो मुरादाबाद में एक बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने के लिए पहुंचा था। इससे पहले 9 जुलाई 2001 को उल्फत हुसैन को एक AK 47, एक AK56, दो पिस्टल, 12 हैंड ग्रेनेड, 50 डेटोनेटर, 29 किलो विस्फोटक और 507 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, जमानत पर छूटने के बाद वो फरार गया था। मुरादाबाद कोर्ट से उसके खिलाफ वारंट जारी हुआ था। मुरादाबाद पुलिस ने उल्फत हुसैन पर 25000 का इनाम घोषित कर रखा था।

### मणिपुर में फ्री ट्रैफिक मूवमेंट के पहले दिन ही भारी हिंसा

# उपद्रवियों ने जलाए कई वाहन, सुरक्षा बलों से झड़प... एक की मौत, कई घायल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मणिपुर में कुकी और मैतेई बहुल इलाकों में करीब 2 साल बाद फ्री ट्रैफिक मूवमेंट शुरू होते ही हिंसा भड़क उठी। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति को जोड़ने वाली सड़कों पर शनिवार को जैसे ही बसें चलनी शुरू हुईं, कुकी समुदाय के लोगों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया।

सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प में एक पुरुष प्रदर्शनकारी की मौत हो गई, जबकि 25 अन्य घायल हैं। मृतक की पहचान लालगौथांग सिंगसिट (30 साल) के रूप में हुई है। लालगौथांग झड़प के दौरान गोली लगने से घायल हुआ था। अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

### बसों, कारों में लगा दी आग

सुरक्षाबलों के पैलेट गन इस्तेमाल करने की खबर प्रदर्शनकारियों ने आवाजाही रोकने के लिए सड़कों पर पत्थर बिछा दिए। सड़कों पर पेड़ काटकर गिरा दिए। कई जगह गाड़ियां खड़ी कर सड़कें रोक दीं। बसों, कारों में आग लगा दी। हिंसा कर रहे लोगों को रोकने के लिए सुरक्षाबलों ने लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। जवाब में प्रदर्शनकारियों ने पत्थरबाजी की। सुरक्षाबलों की ओर से पैलेट गन का इस्तेमाल होने की भी खबर है। कुछ तस्वीरों-वीडियोज में घायलों के शरीर पर पैलेट गन के छर्रों के निशान दिख रहे हैं। इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इंफाल, चुराचांदपुर, कांगपोकपी, विष्णुपुर और सेनापति इलाकों में जा रही सरकारी बसों को सीआरपीएफ और स्थानीय पुलिस की सुरक्षा में चलाया गया। इसके अलावा रेड जोन वाले इलाकों में जगह-जगह सुरक्षाबलों की तैनाती की गई।

**कुकी बहुल इलाके में सुरक्षा बलों से भिड़े प्रदर्शनकारी**



### 13 फरवरी से लगाया गया राष्ट्रपति शासन

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने उपद्रवियों से सभी लूटे गए हथियार सरेंडर करने को कहा था। अब तक 500 से ज्यादा हथियार सरेंडर किए जा चुके हैं।

### शाह ने किया था फ्री मूवमेंट का ऐलान

अमित शाह ने फ्री मूवमेंट का ऐलान किया था गृह मंत्री अमित शाह ने 1 मार्च को मणिपुर के हालात पर गृह मंत्रालय में समीक्षा बैठक की थी। गृह मंत्री ने 8 मार्च से मणिपुर में सभी सड़कों पर बेरोकटोक आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा था। साथ ही सड़कें ब्लॉक करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

**बसों के चलने के साथ ही शुरू हो गया विरोध**

**छोड़नी पड़ी आंसू गैस, करना पड़ा बल प्रयोग**

**प्रदर्शनकारियों ने की जमकर पत्थरबाजी**





# दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू, जल्द मिलने लगेगा 2500

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली में महिला समृद्धि योजना लागू हो गई है। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने यह योजना लागू किए जाने का ऐलान किया है। इस साल के लिए 5100 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, इससे पहले दिल्ली सचिवालय में हुई कैबिनेट मीटिंग में महिला समृद्धि योजना को मंजूरी मिल चुकी है। हालांकि रजिस्ट्रेशन की तारीख का अभी ऐलान नहीं हुआ है।

नड्डा ने कहा, बीपीएल कार्ड धारक महिलाओं को इस योजना का लाभ मिलेगा। आज मेरे लिए खुशी की बात है कि इस साल 5100 करोड़ का निवेश हुआ, जिससे महिला समृद्धि योजना दिल्ली में लागू हो जाए। नड्डा ने कहा, 'संसद में बीजेपी की सबसे ज्यादा महिला सांसद हैं। भविष्य में 33 फीसदी महिलाएं लोकसभा में होंगी। पंचायत से लेकर राष्ट्रपति भवन तक महिलाएं नेतृत्व कर रही हैं।

दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में जनता को संबोधित करते हुए सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, 'केंद्र सरकार के साथ हर वो काम करने की प्लानिंग हो चुका है, जो दिल्ली को और अधिक सुरक्षित और समृद्ध बनाने वाली है। पिछले 15 दिन में हमारी सरकार ने उन अनेकों योजनाओं पर चर्चा की, जो दिल्ली की बहनों के लिए बहुत जरूरी थी। पिंक पुलिस स्टेशन की संख्या बढ़ाने के लिए दिल्ली में काम किया जाएगा।'

**योजना को कैबिनेट की मंजूरी**



### 2500 की जगह महिलाओं को मिली कमेटी : आतिशी

दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने रेखा गुप्ता सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 मार्च को दिल्ली की हर महिला के बैंक खाते में सम्मान निधि योजना के तहत 2500 रुपये जमा करने का वादा किया था। उन्होंने महिलाओं से अपने बैंक खातों में मोबाइल नंबर अपडेट करने की सलाह भी दी थी, ताकि उन्हें इस पैसे मिलने के मैसेज मिल सकें. आतिशी ने कहा कि इसे 'मोदी की गारंटी' कहा गया लेकिन ये जुमला निकला। आतिशी ने कहा कि इसके बजाय, महिलाओं को एक चार सदस्यीय समिति के रूप में 'झुनझुना' मिला।

# कर्नाटक में इजराइली टूरिस्ट होमस्टे ओनर के साथ गैंगरेप

**आरोपियों ने 3 दोस्तों को नहर में फेंका, एक का शव बरामद, 2 गिरफ्तार**





एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

इजरायल से हिंदुस्तान घुमने आई महिला पर्यटक के साथ रेप की हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। कर्नाटक में एक इजरायली महिला पर्यटक और एक होमस्टे महिला संचालक के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है।

पर्यटकों के ग्रुप में मौजूद तीन मर्दों को नहर में भी गिरा दिया गया, जिसमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। दरअसल, विदेश से भारत घुमने आए पर्यटकों में से एक इजरायल की महिला है और एक अमरीकी व्यक्ति है। 6 फरवरी की रात हम्पी के पास सनापुर झील के किनारे 2 महिला के साथ तीन मर्द ( 1 उड़ीसा और एक महाराष्ट्र के रहने वाले ) गिटार बजा कर संगीत का लुत्फ उठा रहे थे, तभी कुछ मनचलों ने मामूली बहस के बाद दोनों महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया, और वहां मौजूद तीनों मर्दों को नहर में धक्का दे कर गिरा दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनकी पहचान साई मल्लू और चेतन साई के रूप में हुई है, जो गंगावती शहर के रहने वाले हैं।

### यह है मामला

पीड़ित होमस्टे महिला संचालक ने पुलिस को बताया की यह घटना 6 फरवरी की रात 11 बजे हुई है। डिनर करने के बाद जब वे संगीत सुन रहे थे, तभी मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोग उनके पास आए और पेट्रोल के लिए पैसे मांगने लगे। पैसा देने से इंकार करने पर मंचलों ने धक्का मुक्की शुरू कर दी। झगड़े से डर कर एक पर्यटक ने उसे 20 रू देने की कोशिश की लेकिन आरोपियों ने और ज्यादा बदतमीजी शुरू कर दी। साथ ही महिला ने इल्जाम लगाया है कि मुल्जिमों ने तीनों पर्यटकों को धक्का दे कर नहर में गिरा दिया, जिसके बाद दोनों महिलाओं के साथ सामूहिक रेप की घटना को अंजाम दिया गया।

# मध्य प्रदेश में धर्मांतरण करवाने पर मिलेगी फांसी की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने घोषणा की है कि प्रदेश में धर्मांतरण करवाने वालों को फांसी सजा दी जाएगी।

सीएम ने कहा, 'हमारी सरकार जबरन धर्म परिवर्तन, दुराचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। ऐसे अपराधियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए और उन्हें फांसी की सजा मिलनी चाहिए।' मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में कहा, 'महिला दिवस के इस अवसर पर मैं यह भी बताना चाहूंगा कि मासूम बेटियों के साथ दुराचार करने वाले मामलों में सरकार बहुत ही कठोर है। इसलिए इस संबंध में जो फांसी का प्रावधान किया गया है। ये जोर-जबरदस्ती से और बहला- फुसलाकर के जो दुराचार करेगा। हमारी सरकार उसको छोड़ने वाली नहीं है। किसी भी हालत में ऐसे लोगों को जीवन जीने का अधिकार नहीं देना चाहते हैं।'

**मुख्यमंत्री ने महिला दिवस पर की बड़ी घोषणा**



### खत्म करेंगे कुरीतियां

मुख्यमंत्री ने आगे कहा, 'साथ ही साथ अपने में से खासकर धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के माध्यम से जो धर्मांतरण कराएंगे। उनके लिए भी फांसी का प्रबंधन भी हमारी सरकार की तरफ से किया जा रहा है। किसी भी हालत में ना तो धर्मांतरण और ना ही दुराचरण किसी भी व्यवस्थाओं के खिलाफ सरकार ने संकल्प लिया है कि समाज के अंदर कुरीतियों को और गलत बातों को बढ़ावा देने से निश्चित रूप से कठोरता से पेश आएंगे।'

# एयर इंडिया ने नहीं दी 82 साल की बुजुर्ग महिला को व्हीलचेयर

**गिरने से लगी चोट आईसीयू में भर्ती**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टूटी सीट वाले मामले के बाद एयर इंडिया फिर विवादों में है। दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर इंडिया ने हाल में कथित रूप से 82 साल की बुजुर्ग महिला पैसेंजर को व्हीलचेयर देने से मना कर दिया, जिसके बाद महिला चोटिल हो गई और अब वो आईसीयू में भर्ती हैं। घटना के दौरान कंपनी के किसी भी स्टाफ ने महिला की मदद नहीं की। परिवार ने डीजीसीए और एयर इंडिया में शिकायत दर्ज की है और अब कार्रवाई का इंतजार कर रहा है।

बुजुर्ग महिला की पोती पारुल कंवर ने बताया कि टिकट में व्हीलचेयर देने की बात लिखी थी। उन्होंने दिल्ली से बेंगलुरु जाने के लिए एअर इंडिया की फ्लाइट बुक की थी, जिसमें उनकी दादी के लिए एअरक्राफ्ट डोर तक व्हीलचेयर की विशेष मांग की थी। टिकट पर व्हीलचेयर की पुष्टि भी थी।



लेकिन जब वे टर्मिनल 3 पहुंचे, तो एक घंटे इंतजार के बाद भी व्हीलचेयर नहीं मिली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कंवर ने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए लिखा कि बाद में एक व्हीलचेयर आई और दादी को विमान में बैठा दिया गया, लेकिन सही मेडिकल चेकअप नहीं मिला।

वह होंठ से बहते खून, सिर और नाक पर चोटों के साथ विमान में चढ़ीं। फ्लाइट क्रू ने बर्फ की पट्टियां दीं और बेंगलुरु एयरपोर्ट पर डॉक्टर को बुलाया, जहां महिला के होंठों पर दो टांके लगाए गए।

### एयर इंडिया बोला- पैसेंजर्स का दावा गलत


एअर इंडिया ने शनिवार को कहा- परिवार के सदस्यों ने प्रस्थान के निर्धारित समय से 90 मिनट से भी कम समय पहले पर्सन्स विद रिड्यूस्ड मोबिलिटी डेस्क पर व्हीलचेयर के लिए अनुरोध किया था। उस समय पीक डिमांड की वजह से व्हीलचेयर को 15 मिनट के भीतर उपलब्ध नहीं कराया जा सका। पैसेंजर्स का एक घंटे इंतजार करने का दावा गलत है। किसी भी सहायता से इनकार नहीं किया गया। पैसेंजर्स ने अपनी मर्जी से चलने का फैसला किया। दुर्भाग्य से वह हवाई अड्डे के परिसर में गिर गई। ड्यूटी पर मौजूद एयरपोर्ट डॉक्टर ने तुरंत उनका प्राथमिक उपचार किया। हमने एयरपोर्ट डॉक्टर की अतिरिक्त चिकित्सा सुविधा देने की पेशकश को स्वीकार नहीं किया गया और परिवार के सदस्यों ने बेंगलुरु की यात्रा जारी रखने पर जोर दिया।




# हरियाणा के युवक को ऑस्ट्रेलिया में 40 वर्ष कैद

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में पांच कोरियन महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में हरियाणा के रेवाड़ी निवासी बालेश धनखड़ को सिडनी की एक कोर्ट ने दोषी करार देते हुए 40 साल की सजा सुनाई है। सिडनी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज माइकल किंग ने धनखड़ को सजा सुनाते हुए कहा कि अपराधी का आचरण पूर्व नियोजित, सुनियोजित, चालाकी पूर्ण और अत्यधिक हिंसक था। उसने दिखाया कि यौन संतुष्टि की उसकी इच्छा प्रत्येक पीड़ित के प्रति पूर्ण और कठोर उपेक्षा में थी। रेवाड़ी के सेक्टर-3 स्थित राधा स्वामी कॉलोनी निवासी बालेश बतौर छात्र 2006 में ऑस्ट्रेलिया गया था, जहां उसने पढ़ाई के बाद कई बड़ी कंपनियों में डेटा विजुलाइजेशन सलाहकार के रूप में काम किया।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com